# बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

## 18 मार्च, 2025

----

**[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - मध् निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग - पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन - समाज कल्याण - अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - परिवहन - विज्ञान , प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा - खेल - कला, संस्कृति और युवा ].**

**कुल तारांकित प्रश्न 171**

----

### रिक्तियां बिहार लोक सेवा आयोग को प्रेषित कराना।

*1246 **श्री अरूण शंकर प्रसाद** (33) (**खजौली**)**:**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती के विज्ञापन सं0-22/2024 के तहत् परीक्षा में शामिल एक ही अभ्यर्थी का वर्ग 1-5, 6-8, 9-10 एवं 11-12 में से कई वर्गों के लिए चयन हो गया है जिसकी सं० 08 से 10 हजार है एवं Document Verification के बाद 5 से 6 हजार अभ्यर्थियों को बाहर किया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त विज्ञापन के अंतर्गत बिहार लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक द्वारा 15.01.2025 के जारी प्रपत्र में यह स्पष्ट कहा गया है कि अधियाची (शिक्षा विभाग) से प्राप्त अनुरोध एवं रिक्तियां उपलब्ध कराने के पश्चात् Suplimentry Result प्रकाशन की कार्रवाई की जा सकती है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विज्ञापन के

आलोक मे क्या सरकार उक्त विज्ञापन के आलोक में शिक्षक भर्ती हेतु रिक्तियां बिहार लोक सेवा आयोग को प्रेषित करने का विचार रखती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्कूल भवन निर्माण।

*1247 Shri. Akhtarul Islam Shahin (133) (Samastipur):

Education :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत प्रखंड समस्तीपुर स्थित ग्राम पंचायत राज पोखरैडा में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय हुसैन एवं ग्राम पंचायत राज विशनपुर में अवस्थित उच्च माध्यमिक विधालय का भवन काफी पुराना व जर्जर हो चुका है;

2.क्या यह बात सही है कि भवन जर्जर होने से पठन-पाठ में कठिनाई होती है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार ऊपर वर्णित विधालयों में भवन का निर्माण कार्य कराना चाहती है; हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## चाहरदीवारी का निर्माण।

*1248 **श्री मुहम्मद इजहार असफी** (55) (**कोचाधामन**):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन विधान सभा के प्रखण्ड-कोचाधामन, पंचायत- सोंथा अंतर्गत मतीन टोला गरगांव में नवीन प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुरूप पर्याप्त वर्ग कक्ष तथा विद्यालय की चहारदिवारी नहीं होने से असामाजिक तत्वों एवं मवेशियों आदि का आवागमन एवं जमावडा लगा रहता है; जिससे छात्र- छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में असुविधा हो रही है; यदि हाँ,तो सरकार कब तक उक्त विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नही तो क्यो ?

----

## स्मार्ट क्लास की सुविधा।

*1249 **श्री अरूण सिंह** (213) (**काराकाट**):

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण :-**

क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत बिक्रमगंज में घोषिया खुर्द के पटेल

कॉलेज के समीप अम्बेडकर छात्रावास अवस्थित है , जिसमे छात्र रहकर पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से करते है, तथा छात्रों को निःशुल्क भोजन की भी सुविधा मुहैया कराई गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास में हाईटेक सुविधाओं का अभाव है जिस कारण छात्र स्मार्ट क्लास की सुविधाओं से वंचित रह जाते है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास में हाईटेक वाई-फाई एवं स्मार्ट क्लास सहित पठन-पाठन का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो, क्यों ?

----

## दोषी पर कार्रवाई।

***1250 श्री अजय यादव (233) (अतरी):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है की गया जिलान्तर्गत प्रखंड खिजरसराय के ग्राम सरवहदा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें संवेदक द्वारा घटिया किस्म का सीमेंट, छड़ तथा ईट का प्रयोग किया जा रहा है, तथा प्राक्कलन का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है; यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की जाँच कर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## बच्चों के नामांकन कराना।

***1251 मो० इसराईल मंसूरी (95) (कांटी):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि :-

1.क्या यह बात सहीं है कि बिहार राज्य में नई शिक्षा निति के तहत बिना pen स्थाई शिक्षा लेख संख्या के विद्यालयों में बच्चों के नामांकन पर रोक लगा दी गई है जिससे निजि विद्यालय को नामांकन में फायदा मिल रहा है तथा नियम का भी अनदेखी हो रहा है; यदि हाँ, तो सरकार नई शिक्षा निति के तहत बिना pen स्थाई शिक्षा लेख संख्या के सरकारी विद्यालयों में बच्चों के नामांकन कब से कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## R.T.E के तहत निजी विद्यालयों में नामाकन

***1252 श्री ललित कुमार यादव (82) (दरभंगा ग्रामीण):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के निजी स्कुलों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम (R.T.E) के तहत अलाभकारी समुह और कमजोर वर्ग के 10-10 बच्चों का नामांकन प्रत्येक वर्ष कक्षा -01 में लेना अनिवार्य है;

(2) क्या यह बात सही है कि डी०पी०एस०, पटना एवं डॉ० डी० वाई० पाटिल इंटरनेशनल स्कूल सहित पूरे राज्य के निजी विद्यालय द्वारा कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन R.T.E के तहत नहीं लिया जा रहा है तथा उस स्थान पर सामान्य बच्चों का नामांकन लिया जा रहा है, जिससे गरीब-गुरबा बच्चे उक्त विद्यालयों में पठन-पाठन से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार R.T.E के तहत नामांकन नहीं लेने एवं सैंडी (Sandi) पोर्टल पर पर साक्षा नहीं करने वाले निजी विद्यालय संचालक पर कौन सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## लाईब्रेरी निर्माण

*1253 **श्री विश्व नाथ राम** (202) (**राजपुर** ):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड-इटाढ़ी एवं प्रखंड-राजपुर में एक भी लाईब्रेरी नहीं होने के कारण वहॉ के छात्र -छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है जबकि उक्त प्रखंडों में लाईब्रेरी निर्माण के लिये सरकारी जमीन भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त प्रखंडों में लाईब्रेरी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## डिग्री कॉलेज की स्थापना।

*1254 **श्री प्रहलाद यादव** (167) (**सूर्यगढ़ा** ):

**शिक्षा** :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
1.क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा विधान सभा में 42 (वियालीस) पंचायत तथा एक नगर परिषद सूर्यगढ़ा है जिसका जनसंख्या 5 लाख से ज्यादा है;
2.क्या यह बात सही है कि सूर्यगढ़ा में 24 पंचायत एवं नगर परिषद सूर्यगढ़ा तथा चानन प्रखंड में 10 (दस) पंचायत में एक भी डिग्री महाविद्यालय (कॉलेज) नहीं है;
3. क्या यह बात सही है कि डिग्री कॉलेज के अभाव में खासकर गरीब छात्र-छात्राओ को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है;
4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त क्षेत्र में डिग्री कॉलेज

की स्थापना कब तक करने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## निर्णय का अनुमोदन करना।

*1255 Shri. Gunjeshwar Sah (77) (Mahishi ):

Education :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने का कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह सही है कि महिषी प्रखंड के तेलवा पश्चिमी, तेलवा पूर्वी ,महेशपुर, हुलासडीह धपारी पीपरपाती, बघवा गोठ के हजारों छात्र-छात्राओं को कोशी के आंतरिक प्रक्षेत्र में अवस्थित होने कारण भौगोलिक दृष्टिकोण से दुरूह कोशी के सह शाखा एवं निर्जन मार्ग से गुजरकर वर्तमान विद्यालय में जाना पड़ता है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के अधिकांश छात्र-छात्राएं विद्यालय नहीं जा पाते है तथा उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते है;
3. क्या यह बात सही है कि इस संबंध में जिला स्तरीय उत्क्रमण समिति के द्वारा उक्त मध्य विद्यालय तेलवा को उत्क्रमण किए जाने का निर्णय लिया गया है वो अनुमोदन के लिए निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को भेजा गया है;
4. यदि उपर्युक्त तीनों खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब तक जिला स्तरीय उत्क्रमण समिति द्वारा लिए गए निर्णय का अनुमोदन करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पर कार्रवाई करना

*1256 Shri. Narayan Prasad (06) (Nautan):

Education क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि-

(1)क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा आपूर्ति किए गए बेंच/डेस्क को छः माह में टूटने तथा समरसेबूल पम्प को बंद होने की जांच कर अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, पटना तथा बिहार शिक्षा परियोजना के निदेशक ने जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को सुस्पष्ट प्रतिवेदन देने का अनुरोध किया है;

(2)क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, बेतिया द्वारा सरकार को सुस्पष्ट जांच प्रतिवेदन नही भेजा गया है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उतर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मामले की जांच कराकर दोषी के विरूद्ध कब तक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नही तो क्यो ?

----

## दोषी पर कार्रवाई।

***1257 श्री महा नंद सिंह** (214) (**अरवल** ):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने का कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि अरवल जिला शिक्षा भवन ,गर्ल्स छात्रावास के परिसर में बिना एनओसी का बना है जिसके कारण गर्ल्स छात्रावास असुरक्षित हो गया है;

2.क्या यह बात सही है की भवन को जल्दबाजी में बनाने के दौरान कई पेड़ों को वन विभाग की सहमति के बगैर काट दिया गया हैं तथा निर्माण कार्य में मानक गुणवता का पालन नहीं किया गया है ;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अरवल के जिला शिक्षा भवन निर्माण कार्य की जाच कराकर दोषी पधाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करना चाहती है ,नहीं तो क्यों ?

----

## ट्रान्सफर करने पर विचार।

***1258 मो० नेहालउद्दीन** (224) (**रफीगंज**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री , शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत जिला शिक्षा पदाधिकारी के (कार्यालय BRC) में प्रखंड लेखापाल (एकाउंटेट) विगत 10 वषो से अधिक एक ही स्थान पर पदस्थापित है जबकि सरकार का नियम है कि 3 साल में उनका ट्रांसफर हो जाना चाहिए ; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड लेखापाल (एकाउंटेट) का ट्रांसफर करने का विचार रखती है; हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## दिव्यांग बच्चों की विशेष शिक्षा।

***1259 Shri. Chandra Shekhar (73) (Madhepura):**

**Education :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1.क्या यह बात सही है कि बिहार परियोजना परिषद् के अन्तर्गत कार्यरत दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने हेतु विशेष शिक्षा में डी०एल०एड०/ बी०एड० में प्रशिक्षित एवं भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली में पंजीकृत अभ्यर्थियों को विशेष शिक्षकों में नियुक्ति 19 वर्ष पूर्व संविदा पर किया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के पत्रांक

IE48 दिनांक-04.01.2022 पत्रांक-IE 7294, दिनांक-25.11.2022 एवं पत्रांक 2631, दिनांक-03.05.2023 के आलोक में विशेष शिक्षकों को समायोजन हेतु सहमती दी गई लेकिन अब तक समायोजन नहीं किया गया है;

3.यदि उर्पयुक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार विशेष शिक्षकों का समायोजन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय का निलंबन समाप्त करना।

*1260 Shri. Ajit Kumar Singh (201) (Dumraon ):

Education :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के संत जोसेफ बालिका उच्च विद्यालय, पुराना भोजपुर, बक्सर (विद्यालय कोड -75075) की मान्यता बिहार विद्यालय परीक्षा समिति विनियमावली, 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित मानक पूरा नहीं होने के कारण निलंबित कर इससे स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी;

2. क्या यह बात भी सही है कि उक्त स्पष्टीकरण के आलोक में विद्यालय के पत्रांक 52/2023 दिनांक 28/04/2023 के तहत सभी त्रुटियों को दूर कर निलंबन समाप्त करने का अनुरोध किया गया है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी त्रुटियों को दूर कर चुके उक्त विद्यालय के 350 नामांकित छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए निलंबन समाप्त करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय खोलना

*1261 **सुश्री श्रेयसी सिंह** (241) (**जमुई** ):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि जमुई नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या- 30 नीमारंग में एक भी विद्यालय नहीं रहने के कारण छोटे बच्चे अपने घर से दूर दूसरे वार्ड में पढ़ने जाते हैं, यदि हाँ तो सरकार कब तक जमुई नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-30 नीमारंग में विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## स्टेडियम निर्माण करना

*1262 **श्रीमती मीना कुमारी** (34) (**बाबूबरही**):

**खेल :-**

क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लदनियाॅं प्रखंड अन्तर्गत जे०के०सी०एल० उच्च विद्यालय, खाजेडीह के प्रांगण में स्टेडियम निर्माण हेतु मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना ने पत्र संख्या-349, दिनांक 23.01.2025 के द्वारा संयुक्त सचिव, खेल विभाग, पटना को प्रशासनिक स्वीकृक्ति हेतु पत्र प्रेषित किया है, परन्तु आज तक प्रशसनिक स्वीकृक्ति नहीं मिली है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त स्टेडियम का नये सिरे से निर्माण हेतु अंके 2,05,92,000/-(दो करोड़ पाँच लाख बानवे हजार) रूपये का प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम के निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाते हुए कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## उच्च विद्यालय खोलना

*1263 **श्री शकील अहमद खाँ (64) (कदवा):**

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के कुम्हडी ग्राम पंचायत में विद्यार्थियों के लिए कोई माध्यमिक विद्यालय नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य ग्राम पंचायत में जाना पड़ता है ,यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त ग्राम पंचायत में माध्यमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण करना।

*1264 **श्री हरीभूषण ठाकुर "बचोल" (35) (बिस्फी):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि मधुवनी जिला के विस्फी प्रखण्ड अन्तर्गत नव सृजित प्राथमिक विद्यालय भोगा टोल (रघौली) का भवन निर्माण प्रस्तावित है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल अधिकारी, विस्फी द्वारा भूमिदान देने हेतु अनुशंसा अनुमंडल पदाधिकारी वेनीपट्टी को भेज दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक उक्त विद्यालय

भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अतिरिक्त वर्गकक्ष सहित विद्यालय भवन का निर्माण।

*1265 Shri. Ashok Kumar Singh (203) (Ramgarh, Kaimur ):

Education :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेगे कीः-

1. क्या यह बात सही है की कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ प्रखंडः- सहूका, महुअर,अकोढ़ी, बगाढ़ी, सदुल्लहपुर, नुआवं प्रखंडः- अकोल्ही, सोनवर्षा, दुर्गावती प्रखंडः- छाता, कर्मनाशा, कस्थरी इन सभी जगह 10+2 उच्च विद्यालय हैं;

2. क्या यह बात सही है कि सभी 10+2 उच्च विद्यालयों का भवन छात्रों की संख्या के अनुरूप नही हैं, जिससे विद्यार्थियों को पठन-पाठन में कठिनाई होती हैं;

3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित 10+2 उच्च विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग कक्ष सहित भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

----

## पार्क का निर्माण।

*1266 **श्री समीर कुमार महासेठ** (36) (**मधुबनी**):

**पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन** :-

क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलांतर्गत पंडौल प्रखंड के पंडौल मध्य पंचायत में अंचल कार्यालय के सामने 3.50 एकड़ उपलब्ध जमीन,जिसका खाता सं0-1316, खेसरा सं0- 822 है, पर पार्क निर्माण किये जाने हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा पिछले पांच वर्षों से विभाग से अनुरोध किया जा रहा है, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त जमीन पर पार्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## आधुनिक स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण।

*1267 **श्री पवन कुमार यादव** (155) (**कहलगांव** ):

**खेल** क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत कहलगांव अनुमंडल में खेल को बढ़ावा देने हेतु संसाधन एवं सुविधा की घोर कमी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कब तक उक्त अनुमंडल में आधुनिक स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सामुदायिक भवन निर्माण हेतु

***1268 श्री रामविलास कामत (42) (निर्मली ):**

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण** क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के किशनपुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत -किशनपुर दक्षिण के वार्ड नं0-09 के ग्राम चौहट्टा तथा ग्राम पंचायत-शिवपुरी के वार्ड नं0-07 के ग्राम थरबिहा की दलित / महादलित बस्ती में सार्वजनिक कार्यक्रम हेतु सामुदायिक भवन नहीं है जबकि वहां जमीन उपलब्ध है,यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त दलित/ महादलित बस्तियों में सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## शिक्षा मंत्रालय के आदेश का अनुपालन।

***1269 Shri. Pawan Kumar Jaiswal (21) (Dhaka):**

**Education :-**
हिंदी समाचार पत्र में दिनांक 24 दिसम्बर 2024 के अंक में प्रकाशित खबर के शीर्षक "राज्य के 4915 स्कूलो की मान्यता रद्द" के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के मानदंडो को पूरा नहीं करने वाले सूबे के उक्त 4915 निजी स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य के शिक्षा विभाग को दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 4915 स्कूलों को आरटीई अधिनियम लागू होने की तिथि से भू—डायस प्लस पर पंजीकृत किये जाने की स्वीकृति प्रदान किये जाने के बाद 3 वर्षों तक आर० टी० ई० अधिनियम के तहत सभी मानदंडों को पूरा नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शिक्षा मंत्रालय के उक्त आदेश को अनुपालन करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण।

***1270 श्री मनोज यादव (163) (बेलहर ):**

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड के ग्राम पंचायत तेलिया कुमरी के ग्राम चरैया में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चरैया के भवनहीन होने के कारण वहाँ गर्मी एवं बरसात के दिनों में पठन-पाठन का कार्य नहीं हो पाता है, यदि हाँ तो सरकार उक्त भवनहीन विद्यालय का भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना।

*1271 **श्री देवेश कान्त सिंह** (111) (**गोरियाकोठी**):

**विज्ञान , प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा :-**
क्या मंत्री, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में तकनीकी शिक्षा देने के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का स्थापना किये जाने का प्रावधान है;

2. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गोरेयाकोठी विधान सभा क्षेत्र में राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नहीं होने के कारण उक्त प्रखण्ड़ो के छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने के लिए 100 कि.मी. से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है;

3.यदि उपर्युक्त खण्ड़ों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उगोरेयकोठी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड-गोरेयाकोठी में राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अवैध दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई।

*1272 **श्री आनन्द शंकर सिंह** (223) (**औरंगाबाद** ):

**पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन** क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत रजौन प्रखंड के पुनसिया-इंग्लिश सेड के अजीत नगर पहाड पर वन विभाग की जमीन में पेड़ों की कटाई कर पाँच से छः छोटे-छोटे होटलों एवं दुकानों का निर्माण अवैध तरीके से किया गया है; यदि हाँ, तो सरकार पेडों की कटाई कर अवैध दुकान लगाने वाले व्यक्तियों पर कब तक कार्रवाई करते हुए वन विभाग की जमीन को खाली कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विषयवार शिक्षक नियुक्त करना।

*1273 **श्री मुरारी मोहन झा** (86) (**केवटी**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि केवटी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड केवटी अंतर्गत +2 कनीज फातिमा अल्प संख्यक आवासीय, विद्यालय असराहा में विषय वार शिक्षक नहीं रहने एवं पुस्तकालय में पुस्तक एवं छात्रों को बैठने की व्यवस्था नहीं रहने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में शिक्षकों की बहाली एवं पुस्तकालय में आवश्यक व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## गुणवता की जाँच कराना।

*1274 **श्री दिलीप राय** (26) (**सुरसंड**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड के हरदिया पंचायत के ग्राम रामपुर पचासी में उच्च माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण कार्य तय मानक एवं गुणवता के अनुरूप नही हो रहा है तथा इसमें अनियमितता बरती जा रही है; यदि हाँ तो सरकार उक्त निर्माण कार्य की गुणवता व मानक संबंधित जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## शिक्षकों को पी0एफ0 आदि की सुविधाएं।

*1275 Shri. Ajit Sharma (156) (Bhagalpur):

Education :-

क्या मंत्री,शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में राज्य के निजी विद्यालय और उसके शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है;

2. क्या यह बात सही है कि राज्य में निजी विद्यालयों के शिक्षकों की संख्या 5 लाख से अधिक है परंतु उन्हें पी0एफ0, ई0एस0आई0 आदि की सुविधा प्राप्त नहीं होती है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राज्य के निजी विद्यालयों के शिक्षकों को पी0एफ0, ई0एस0आई0 आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## बकाया वेतन भुगतान करना।

***1276 श्री प्रमोद कुमार** (19) (**मोतिहारी**)**:**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि मगध विश्वविद्यालय में श्री शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं टिंकु कुमार, सहायक पद पर पदस्थापित थे एवं श्री विजय कुमार, महिला महाविद्यालय, खगौल में 2009 से पदस्थापित हैं;

2. क्या यह बात सही है कि खण्ड-1 में पदस्थापितों के बकाया वेतन भुगतान हेतु राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक- 43/19 एवं 19/19, दिनांक 23.01.2024 द्वारा आदेशित किया गया है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार 2009 से कार्यरत सहायकों के बकाया वेतन भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## एथलेटिक्स मैदान का निर्माण।

***1277 श्रीमती मनोरमा देवी** (232) (**बेलागंज** )**:**

**खेल :-**

क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

क्या यह बात सही है कि गया जिला के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र की जनता का बेला गंज में फाइबर ट्रैक एवं फील्ड जैसी संसाधनों के अभाव तथा विभागीय उदासीनता के कारण एथलेटिक्स खेलों के प्रति रुझान काफी कम हो रहा है; यदि हाँ तो सरकार कबतक बेलागंज, गया को एथलेटिक्स खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए बेलागंज में एक आधुनिक सुविधा युक्त 400 मीटर आउटडोर फाइबर ट्रैक (एथलेटिक्स मैदान ) का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्टेडियम का निर्माण।

***1278 श्री जनक सिंह** (116) (**तरैया** )**:**

**खेल :-**

क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया विधान सभा क्षेत्र के पानापुर प्रखंड अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेलौड़ में स्टेडियम नहीं है; यदि हाँ, तो सरकार

कब तक खेल के विकास को ध्यान में रखते हुए उक्त विद्यालय के परिसर में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## मुआवजा राशि का भुगतान।

*1279 **श्री सिद्धार्थ सौरव** (191) (**बिक्रम** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना सं-163 (अ), दिनांक – 25/02/2022 के आलोक में बिक्रम नगर पंचायत के वार्ड – 5 के मृतक संतोष कुमार गुप्ता, प्रखंड – नौबतपुर , पंचायत – अदला, ग्राम – कालापुर के मृतक – मुकेश शर्मा एवं प्रखंड – नौबतपुर, पंचायत – करंजा, ग्राम – सरारी के मृतक – मंटू प्रसाद का आवेदन जिला परिवहन कार्यालय, पटना के द्वारा 1 वर्ष पूर्व GIC को मुआवजा भुगतान हेतु भेजा गया है, परन्तु अभीतक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है,यदि हाँ तो उक्त भुगतान में विलम्ब का क्या औचित्य है ?

----

## भवन निर्माण करना।

*1280 **श्री कुंदन कुमार** (146) (**बेगूसराय** ):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बरौनी प्रखण्ड अन्तर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बभनगामा का लगभग 6 कमरा विगत कई वर्षो से अर्द्धनिर्मित अवस्था में है; जिससे पठन-पाठन करने वाले छात्र/छात्राओं को काफी असुविधा हो रही है साथ ही अर्द्धनिर्मित भवन होने के कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक छात्र-छात्राओं के हित में उक्त अर्द्धनिर्मित विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## विद्यालय का निर्माण।

*1281 **श्री गोपाल रविदास** (188) (**फुलवारी** ):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत प्रखंड पुनपुन के ग्राम-बड़की सपहुआ में महादलित समुदाय की बड़ी संख्या निवासित है, जहाँ विद्यालय नहीं रहने के कारण अशिक्षा व्याप्त है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त ग्राम-बड़की सपहुआ में एक प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कमरे की मरमत्ती कार्य।

***1282 श्री कुमार सर्वजीत (229) (बोधगया ):**

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अतंर्गत फतेहपुर प्रखंड के चरोखरी पंचायत के उ.म. विद्यालय पिड़री में नये कमरे के निर्माण एवं जर्जर कमरे की मरमत्ती नहीं होने से छात्र- छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई एचपी रही है, यदि हाँ तो सरकार उक्त विद्यालय में नये कमरे के निर्माण के साथ जर्जर कमरे की मरमत्ती कब तक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## वर्क शेड का निर्माण शुरू कराना।

***1283 श्री रामबली सिंह यादव (217) (घोसी ):**

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण :-**

क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा निर्मित होने वाला अधिकांश वर्क शेड सह सामुदायिक भवन या तो जमीन के अभाव को बताकर अनुसूचित जाति के बसावट से काफी दूर बना दिया जाता है जिससे इनका उपयोग नहीं कर पाते हैं या जमीन विवाद के नाम पर निविदा होने के बावजूद रोक दिया जाता है;
2. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के घोसी विधान सभा अन्तर्गत सैदाबाद, छोटकी काको, साइस्ताबाद मसाढ, छोटकी मठ तथा फजलपुर में वर्क शेड का, उपर्युक्त समस्या बताकर ही निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार एन0ओ0सी0 देकर बाद में रोक लगाने वाले अंचल पदाधिकारियोंं पर कार्रवाई करने तथा शेड निर्माण शुरू कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नही तो क्यों ?

----

## स्थल को संरक्षित करना।

***1284 श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (240) (सिकंदरा ):**

**कला, संस्कृति और युवा** क्या मंत्री, कला ,संस्कृति एवं युवा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के खैरा प्रखण्ड के पंचायत- गोपालपुर के ग्राम-घनबेरिया के पास पालकालीन नौलखागढ़ है, जिसे संरक्षित रखा जाना आवश्यक है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त स्थल को संरक्षित रखने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## खेल मैदान एवं चाहरदिवारी का निर्माण।

*1285 Shri. Lal Babu Prasad Gupta (20) (Chiraia):

Education :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया प्रखंड में महंत जयनारायण पूरी +2 उच्च विद्यालय शिकारगंज स्थित हैं जिसका मैदान खेलने योग्य नहीं है और न हीं उक्त मैदान की चाहरदिवारी है; जिससे उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओ को खेल कूद की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है; यदि हाँ तो सरकार महंत जयनारायण पूरी +2 उच्च विद्यालय, शिकारगंज के खेल मैदान को कबतक खेलने योग्य बनाने एवं चहारदिवारी बनाने का विचार रखती हैं, नहीं तो क्यों ?

----

## स्नातक महाविद्यालय स्थापित करना।

*1286 **श्री राम सूरत कुमार** (89) ( **औराई**):

**शिक्षा** :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखण्ड है, जिसमें एक भी सरकारी स्नातक महाविद्यालय नहीं है जिसके कारण छात्र/छात्राओ को स्नातक के पढ़ाई हेतु 50-60 किमी दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है जिससे वे बीच में ही स्नातक की पढ़ाई छोड़ देते हैं;

2.क्या यह बात सही है की उक्त प्रखंड में रामजेवर उच्च विद्यालय, औराई के अतिरिक्त उक्त विद्यालय का जमीन मौजा-भलुरा में लगभग 10 एकड़ उपलब्ध है एवं स्नातक महाविद्यालय स्थापित करने हेतु सारी अहर्ताएं पूरी करता है ;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंड में कब तक स्नातक महाविद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सरकारी बसों का परिचालन कराना।

*1287 **श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह** (221) (**नबीनगर** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर में एन0टी0पी0सी0 की दो ईकाइयां कार्यरत है और नवीनगर झारखण्ड राज्य की सीमा से लगा प्रदेश का अंतिम प्रखंड है, किन्तु पटना से औरंगाबाद होकर नवीनगर तक सरकारी बस के परिचालन की सुविधा नहीं होने से क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो सरकार नवीनगर से औरंगाबाद होकर पटना शहर तक जाने वाली सरकारी बसों का

परिचालन कब तक  कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## विधालय का भवन निर्माण करना।

*1288 **श्री अनिल कुमार** (24) (**बथनाहा**)**:**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि बथनाहा प्रखंड के मझौलिया ग्राम में मध्य विद्यालय मझौलिया एवं प्रोजेक्ट बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मझौलिया दोनों विद्यालय की स्थिति अत्यंत जर्जर है, तथा मझौलिया में एक भी छतदार वर्ग नहीं है; यदि हाँ, तो सकरार कब तक उक्त दोनों विद्यालयों  के भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## मुआवजा दिलाना।

*1289 **श्री रणविजय साहू** (135) (**मोरवा** )**:**

**परिवहन :-**

क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखण्ड अन्तर्गत बनवीरा गाँव के निवासी सचिन कुमार, पिता-मदन राय की सड़क दुर्घटना में दिनांक-31.07.2022 को हलई में मृत्यु हो गयी थी, जिसका हलई थाना काण्ड संख्या-364/22 है;

2. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मृत व्यक्ति के आश्रितों को अभी तक सरकारी मुआवजा नहीं प्राप्त होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी है;

3. यदि उपर्युक्त  खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित  परिवार को सरकारी मुआवजा दिलाने का विचार रखती है,  हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय भवन की मरम्मति

*1290 Shri. Manohar Prasad Singh (67) (Manihari)**:**

**Education** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत उत्तरी करीमुल्लापुर पंचायत के वार्ड संख्या 05 स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैद्यनाथपुर का भवन जर्जर है, दरवाजा एवं खिड़की नहीं है, तथा फर्स टूट चुका है, यदि हाँ, तो सरकार क्या उक्त विद्यालय की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## विधालय भवन का निर्माण।

*1291 **श्री राणा रणधीर** (18) **(मधुबन)**ः

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-1.क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पकड़ीदयाल प्रखंड के नगर पंचायत पकड़ीदयाल के दो पंचायत क्रमशः पकड़ीदयाल दक्षिण एवं पकड़ीदयाल उत्तरी को मिलाकर निर्माण किया गया था; जिसमे पकड़ीदयाल उत्तरी पंचायत में हाई स्कूल विद्धमान है, परन्तु पकड़ीदयाल दक्षिण में कोई हाई स्कूल नहीं होने से पठन-पाठन के लिए छात्र - छात्राओ को अन्यत्र जाना पड़ता है, जिससे छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है; यदि हाँ, तो सरकार पकड़ीदयाल दक्षिण पंचायत में मानक के अनुरूप हाई स्कूल का सृजन कर विद्यालय भवन का निर्माण करना चाहती है, नहीं तो क्यो ?

----

## भवन निर्माण करना।

*1292 **श्रीमती रश्मि वर्मा** (3) **(नरकटियागंज)**ः

**शिक्षा** ः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज नगर परिषद के वार्ड संख्या आठ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय उर्दू का अपना भवन नहीं है जिसके कारण दूसरे विद्यालय के भवन में संचालित किया जाता है जहाँ पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय का भवन निर्माण कब तक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कमरों का निर्माण।

*1293 Shri. Vijay Kumar (169) (Sheikhpura )ः

Education ः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1. क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत घाटकुसुम्भा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय माफो एवं नगर परिषद, शेखपुरा के वार्ड नं०-29 के प्राथमिक विद्यालय इन्दाय में बच्चों की संख्या के अनुपात में कमरों का भवन नहीं है जिससे शिक्षा ग्रहण करने में बच्चों को कठिनाई हो रही है ;

2. क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा अपने पत्रांक-150/2024, दिनांक-02.09.2024 को वर्णित विद्यालयों में चार अतिरिक्त कमरों के निर्माण हेतु पत्र के माध्यम से विभागीय मंत्री, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग एवं अन्य पदाधिकारीयों को

देने के बावजूद भी अभीतक कार्रवाई नहीं की गई है ;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराने का विचार रखती है तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## योजनाओं का ससमय निष्पादन करना।

*1294 **श्री कृष्ण कुमार ऋषि** (59) (**बनमनखी**):

**समाज कल्याण** :-

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखण्ड के तत्कालीन सी०डी० पी० ओ० को माह दिसम्बर,2024 में विभाग द्वारा निलम्बित करने के पश्चात् नये सी०डी० पी० ओ० का प्रतिनियुक्ति बनमनखी प्रखण्ड में किया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि नव प्रतिनियुक्त सी०डी०पी० ओ० के प्रभार लेने के बावजूद भी उक्त प्रखंड के आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिलने वाले पोषाहार सहित अन्य योजना दो माह से लम्बित है, जिसके कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चे प्रभावित हो रहे हैं;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक उक्त प्रखंड में आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिलने कले पोषाहार सहित अन्य योजनाओं का क्रियान्वन कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## अनुज्ञप्ति जारी करना।

*1295 **श्री भूदेव चौधरी** (160) (**धोरैया** ):

**पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन** :-

क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि सरकार के संकल्प सं.-418, दिनांक 08.07.2002 के तहत जिलाधिकारी, बाँका द्वारा 44 आवेदकों में से मात्र 13 आवेदकों को आरा मिल की अनुज्ञप्ति की स्वीकृति दिनांक-09.09.2002 को दी है,किन्तु मात्र एक आवेदक को छोड़कर अन्य 12 आवेदकों को अभी तक अनुज्ञप्ति नहीं दी गई है;

2.क्या यह बात सही है कि छूटे हुये उक्त 12 आवेदकों महेन्द्र प्रसाद शर्मा एवं अन्य मामले में केन्द्रीय प्राधिकृत समिति, मा० उच्च न्यायलय,पटना द्वारा CWJC 11188/2007 एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक के निर्देशों के बावजूद अनुज्ञप्ति अभी तक जारी नहीं की गई है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बाँका जिला के उन छूटे हुये 12 आवेदकों को आरा मिल की अनुज्ञप्ति देने का विचार रखती है, हाँ तो

कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## दोषी पर कारवाई।

*1296 **श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह** (194) (**आरा**)ः

**शिक्षा :-**

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक- 24.01.2025 को प्रकाशित "प्रदेश के 7221 स्कूलों के शिक्षकों को खोज रहा विभाग" शीर्षक ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः -

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में यू डायस की रिपोर्ट की समीक्षा में पाया गया कि 7221 स्कूलों के शिक्षकों का विभागीय रिकॉर्ड में नाम ही नहीं है;

2. क्या यह बात सही है कि विभागीय रिकॉर्ड में पिछले दो साल में नये नियुक्त शिक्षकों का नाम डाले बिना ही उन्हें वेतन भुगतान किया जा रहा है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विभागीय रिकॉर्ड में बगैर नाम के वेतन भुगतान करने में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हॉ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## दोषी के विरुद्ध कार्रवाई।

*1297 **श्री जितेंद्र कुमार** (171) (**अस्थावां**)ः

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि बिहार वित्तीय नियमावली के नियम 131 (घ) का उल्लंघन कर नालन्दा जिला में बेंच -डेस्क का क्रय करने का आदेश नियम के विरूद्ध एवं किसी खास एजेंसी को लाभ पहुॅचाने के उद्देश्य से किया गया था, जिसके लिये जॉच दल यथा उप विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला निगरानी समिति/ धावादल, नालन्दा द्वारा तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना (शिक्षा) नालन्दा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालन्दा के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की है, के बावजूद अभी तक कार्रवाई तथा वित्तीय अनियमितता की वसूली नहीं कि गई है; यदि हाँ, तो सरकार जाच में दोषी के विरुद्ध कब तक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण।

*1298 **श्री ललित नारायण मंडल** (157) (**सुल्तानगंज**)ः

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत देव प्रखंड के खड़ीहा खुर्द ग्राम में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन का निर्माण नहीं किया गया है; यदि हाँ तो, सरकार कबतक उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सरकारी कॉलेज की तर्ज पर फीस नियंत्रित करना।

*1299 **श्री महबूब आलम** (65) (**बलरामपुर**)ः

**शिक्षा** :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि बिहार के 38 जिले और लगभग 13 करोड़ की आबादी पर महज छह सरकारी कॉलेजों में ही बी. एड. की पढ़ाई होती है, जो आबादी के लिहाज से काफी कम है;

2. क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के 29 अंगीभूत बी. एड. महाविद्यालय में स्ववित्त पोषित कार्यक्रम के तहत शिक्षा शास्त्र (बी. एड) का फीस एक लाख 50 हजार रुपया तक लिया जाता है; जिसके कारण पिछड़ों-अतिपिछड़ों, वंचितों, आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी के लिए इन अंगीतभूत महाविद्यालयों में बीएड कोर्स करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्क है, तो सरकार सभी 29 अंगीभूत बीएड महाविद्यालयों में सरकारी कॉलेज की तर्ज पर फीस नियंत्रित करने का विचार रखती है; हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों नहीं?

----

## वेतन उन्नति का लाभ देना।

*1300 **डॉ. सत्येन्द्र यादव** (114) (**मांझी**)ः

**शिक्षा** :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार पंचायत प्रारंभिक विद्यालय सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति. स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त) नियमावली-2012 की कंडिका 15 (च) (1) यथा संशोधित नियमावली 2020 की कंडिका 16 (II) के अनुसार नियोजित शिक्षकों को प्रथम 12 वर्षों की संतोषजनक सेवा उपरांत अगले वेतन (स्नातक प्रशिक्षित के लिये निर्धारित) में प्रोन्नति दिये जाने का प्रावधान है; बावजूद समस्तीपुर जिले में नियोजित शिक्षकों का 12 वर्षों की संतोषजनक सेवा के उपरांत वेतन उन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिले के नियोजित शिक्षकों को वेतन उन्नति का लाभ

कब तक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## उक्त विद्यालय को अपग्रेड करना।

*1301 **श्री श्रीकान्त यादव** (113) (**एकमा**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत, लहलादपुर प्रखण्ड में मध्य विद्यालय, बसही हिन्दी से उच्च विद्यालय दूर होने के कारण यहाँ की बालिकाएं उच्च विद्यालय की शिक्षा से वंचित रह जाती है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को अपग्रेड करने का विचार रखती है; हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## आँगनबाड़ी सेविका की प्रतिनियुक्ति।

*1302 **श्री अचमित ऋषिदेव** (47) (**रानीगंज, अररिया**):

**समाज कल्याण** क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत- पचीरा के वार्ड नं0-09 के कजरा शरणार्थी टोला में आँगनबाड़ी सेविका के वर्ष 2022-23 में पद से त्यागपत्र देने के बाद आजतक पद रिक्त है, जिससे 3 - 6 साल के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा तथा पोषण, गर्भवती, धात्री माताओं तथा 6 माह से 3 साल तक के बच्चों को मिलने वाला टेक होम राशन, टीकाकरण और स्वास्थ्य जाँच आदि की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, यदि हाँ तो सरकार कबतक नयी आँगनबाड़ी सेविका की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सेविका की बहाली करना।

*1303 **श्रीमती गायत्री देवी** (25) (**परिहार**):

**समाज कल्याण** क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में बथनाहा प्रखण्ड अन्तर्गत फुलपरासी ग्राम के वार्ड नं०-11 में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या-216 में आंगनवाड़ी सेविका की बहाली नहीं हुई है जबकि उक्त पद पर बहाली हेतु वर्ष 2019 में आवेदन की माँग की गई थी तथा उसमें तीन लोगों ने आवेदन भी दिया था, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त आंगनवाड़ी केन्द्र पर सेविका की बहाली करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का निर्माण

*1304 **श्री राकेश कुमार रौशन** (174) (**इस्लामपुर, नालन्दा** ):

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण :-**

क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1.क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड अन्तर्गत आत्मा पंचायत के ग्राम सिढ़हारी मॉझी टोला एवं इचहोस पंचायत के ग्राम भगवानपुर में 50-50 घर महादलितों का है किन्तु उक्त स्थानों पर सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का निर्माण अबतक नहीं कराया गया है;यदि हाँ तो सरकार उक्त महादलित टोलों में सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण

*1305 **श्री राम चन्द्र प्रसाद** (84) (**हायाघाट**):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड के हरहच्चा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय, डुमरी भवनहीन है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त विद्यालय सहित हायाघाट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी अन्य भूमिहीन विद्यालयों को भूमि प्रदान करने व भवनहीन विद्यालयों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## झील को पक्षी विहार घोषित करना।

*1306 **श्रीमती शालिनी मिश्रा** (15) (**केसरिया**):

**पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन :-**

क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पिपरा कोठी से गोपालगंज जाने वाली मार्ग में धनगड़हा से सरोतर झील 266.78 डी0 में फैला हुआ है, जिसमें 43.88 डी0 सरकारी भूमि है;

2. क्या यह बात सही है कि सरोतर झील साइबेरियन पक्षियों की शरण स्थली है तथा विभिन्न प्रजाति के विदेशी पक्षियों के समूह झील के समीप प्रवास हेतु आते हैं;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सरोतर झील को पक्षी विहार घोषित करते हुए उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण।

***1307 श्री संतोष कुमार मिश्र (209) (करगहर):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने का कृपा करेगें कि :-

1.क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर विधानसभा क्षेत्र अतंर्गत प्रखंड-करगहर के ग्राम हरिनामपुर में वित्तीय वर्ष 2007-2008 में ही प्राथमिक विद्यालय के निर्माण हेतु विभाग द्वारा स्वीकृति दी गयी थी परंतु अभी विद्यालय के भवन का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त विद्यालय को ग्राम पनैला के प्रा० वि० से टैग कर दिया गया है ;

2.क्या यह बात सही है कि विद्यालय के निर्माण हेतु रकबा-5 ½ डी ०, खाता नं0-62. प्लॉट नं0-74, हल्का-06, में उपलब्ध है तथा ग्राम-हरिनामपुर के दलित एवं मुसहर जाति के बच्चे अन्य विद्यालय दूर होने के कारण प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं ;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का नया भवन निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## वर्ग कक्ष का निर्माण।

***1308 डॉ. सी०एन० गुप्ता (118) (छपरा ):**

**शिक्षा** हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 03.02.2025 को प्रकाशित " स्कूलों के 5148 वर्ग कक्ष का निर्माण दो वर्षों से लंबित " शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि राज्य में स्कूली बच्चों के अनुपात में पर्याप्त संख्या में कमरों की उपलब्धता नहीं रहने के कारण सरकार में अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण का निर्णय लिया गया है, जिसमें 5148 वर्ग कक्ष का निर्माण दो वर्षों से लंबित है, इसमें 1600 कमरों का निर्माण अभी तक शुरू नहीं किया गया है, जिसके कारण स्कूली छात्र/छात्राओं को पठन- पाठन सुचारू रूप से नहीं हो रहा है, यदि हां, तो सरकार के निर्णय के आलोक में स्कूलों में 5148 वर्ग कक्ष निर्माण लंबित एवं 1600 कमरों का निर्माण अभी तक शुरू नहीं होने का क्या औचित्य है ?

----

## सरकारी बस का परिचालन करना।

***1309 श्रीमती नीतु कुमारी (236) (हिसुआ ):**

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड के खनवां -हिसुआ -राजगीर होते हुये पटना के लिए सरकारी बस का परिचालन नहीं होने के कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को पटना आवागमन हेतु निजी बस संचालकों पर निर्भर रहना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार नरहट प्रखण्ड के खनवां से हिसुआ- राजगीर होते हुये पटना आवागमन के लिए सरकारी बस का परिचालन कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## आश्रित को मुआवजा देना।

*1310 **श्री सत्यदेव राम** (107) (**दरौली**):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-1.क्या यह बात सही है कि कल्पनाथ शर्मा, ग्राम-गडवार, थाना-दरौली, जिला- सीवान की गीधा में आरा पटना सर्विस रोड स्थित आईस्क्रीमम प्लाट के पास हाइवा ट्रक से दिनांक 14.07.2024 को दुर्घटना के कारण घटना स्थल पर मृत्यु हो गई, जिसका प्राथमिकी थाना काण्ड सं० -74/24, दिनाक-23.07.2024, गीधा थाना, आरा में दर्ज है, की आश्रित पत्नी तेतरी देवी के द्वारा सभी आवश्यक कागजात जमा करने के पश्चात भी अभी तक परिवहन विभाग द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## परीक्षा आयोजित कर परीक्षाफल प्रकाशित करना।

*1311 **श्री सुधांशु शेखर** (31) (**हरलाखी**):

**विज्ञान , प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा** क्या मंत्री, विज्ञान,प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह सही है कि विज्ञान,प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यालय परिचारी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती मेधा सूची के आधार पर करने हेतु विज्ञापन संख्या-02/2022 प्रकाशित किया गया, किन्तु उसकी परीक्षा अभी तक आयोजित नहीं की गई है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त विज्ञापन के अंतर्गत परीक्षा आयोजित कर परीक्षाफल प्रकाशित करने का विचार रखती है?

----

## अनुपालन कराना

*1312 Dr. Ramanuj Prasad (122) (Sonepur ):

Education क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1. क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग के पत्रांक- 1623 ,दिनांक- 10.12.2018 द्वारा निर्गत ओदश के आलोक में प्राथमिक शिक्षकों के दिनांक- 01.10.2011 से स्नातक विज्ञान में प्रोन्नति एवं डेय तिथि से प्रधानान्ध्यापक के पद पर प्रोन्नति देना था, परन्तु निदेशालय के पत्रांक- 791, दिनांक- 14.09.2020 द्वारा उपर्युक्त आदेश के अनुपालन नहीं करने के कारण सम्बंधित पदाधिकारी एवं लिपिकों पर जवाबदेही भी तय किया गया ; यदि हाँ, तो विभागीय पत्रांक-1623, दिनांक-10.12.2018 का अनुपालन नहीं करने का औचित्य क्या है?

----

## 10+2 विद्यालय स्थापित करना।

*1313 **श्री मुकेश कुमार रौशन** (126) (**महुआ** ):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत महुआ प्रखण्ड के पंचायत गोविन्दपुर ग्राम हुसेनीपुर में 10+2 विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने अन्यत्र विद्यालयों में जाना पड़ता है तथा कई छात्र-छात्राओं को असुविधावश विद्यालय जाने में असमर्थ हो जाते है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में 10+2 विद्यालय स्थापित कब तक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## आवासीय विद्यालय बनाने हेतु।

*1314 **श्री रामवृक्ष सदा** (148) (**अलौली**):

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण** क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के अलौली प्रखण्ड में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा 01 से कक्षा 10+2 तक की पढ़ाई हेतु एक भी आवासीय विद्यालय नहीं है, जिस कारण गरीब छात्र- छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रहीं है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त प्रखण्ड में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के हित में कक्षा 01 से कक्षा 10+2 की पढ़ाई हेतु एक आवासीय विद्यालय बनवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदीवारी का निर्माण।

*1315 **श्री विनोद नारायण झा** (32) (**बेनीपट्टी**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के लकड़ी नबीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत बसौली पंचायत में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, तेलिया उसी गांव के स्व. गणेश पाण्डेय द्वारा साढ़े 5 कट्ठा दान किये गये भूमि पर अवस्थित है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय की चाहरदीवारी के निर्माण के क्रम में प्रधानाध्यापक एवं संवेदक की मिली भगत से विद्यालय के एक चौथाई जमीन को बेचने की नियत से बाहर छोड़ दिया गया है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय के सम्पूर्ण जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कराकर इसे विद्यालय को सौपने का विचार रखती है; हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यो ?

----

## सरकारी बसों का परिचालन।

*1316 Shri. Ajay Kumar (138) (Bibhutipur):

Transport क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि समसस्तीपुर जिला के रोसड़ा अनुमंडल से पटना एवं दिल्ली के लिए बिहार स्टेट ट्रांसपोर्ट की बसों का परिचालन नहीं होने से हजारों यात्रियों एवं खासकर मरीजों को ईलाज के लिए आई.जी.एम.एस., एम्स., पी.एम.सी.एच, पटना एवं एम्स दिल्ली आने-जाने में काफी असुविधा होती है; यदि हाँ तो सरकार रोसड़ा अनुमंडल से पटना एवं दिल्ली के लिए सरकारी बसों का परिचालन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## जिला खनिज कोष का प्रयोग करना

*1317 Shri. Jai Prakash Yadav (46) (Narpatganj):

Mines & Geology :-
क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में स्थापित जिला खनिज फाउंडेशन कोष ( DMF ) के माध्यम से खनिज गतिविधियों से प्रभावित व्यक्तियों और क्षेत्रीय हितों के लिए पुस्तकालय, स्व-अध्ययन केंद्र खोलने जैसी विकास योजनाएं संचालित की जा सकती हैं ;

2 .क्या यह बात सही है कि विभाग के पास 200 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा है, जिसका उपयोग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के साथ ही उस क्षेत्र विशेष की सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर खनन गतिविधियों की वजह से पड़ने वाले प्रभाव को नियंत्रित करने जैसी योजना बनाकर किया जाना है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार DMF डाटा को पोर्टल पर अपलोड करवाते हुए खनन गतिविधियों की वजह से पड़ने वाले प्रभाव को नियंत्रित करने जैसी योजना को कार्यान्वित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान।

*1318 श्री फते बहादुर सिंह (212) (डेहरी ):

**समाज कल्याण** क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखण्ड के बेनसागर पंचायत के ग्राम बेनसागर की सुशीला देवी, प्राथमिक विद्यालय, बेनसागर में रसोईया-सह-सहायक के पद पर दिनांक-06.03.2006 से कार्यरत थी ,जिनकी मृत्यु दिनांक-17.10.2023 को सेवाकाल में हुई है,परन्तु दो वर्ष बाद भी मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो?

----

## विधालय भवन का निर्माण।

*1319 **Dr. Ramprit Paswan (37) (Rajnagar):**

**Education :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रखंड अंधराठाढ़ी में उच्च विद्यालय हररी का 2016से दो मंजिला भवन का निर्माण आज तक अधुरा हैं; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त विद्यालय का भवन निर्माण पूरा कराना चाहती हैं, नहीं तो क्यों ?

----

## खेल मैदान बनाना।

*1320 **श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (109) (दारौंदा):**

**खेल :-**

क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड के हरेराम ब्रहमचारी उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज, गंगपूर के खेल मैदान में विगत दो साल से खनन विभाग द्वारा पकड़े गये गाड़ियों को रखने के कारण खिलाड़ियों को खेलने में कठिनाई तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं हो पा रहा है; यदि हाँ, तो क्या सरकार कब तक उक्त वर्णित मैदान से जब्त गाड़ियों को अन्यत्र हटाकर खेल मैदान को पुनः सुसज्जित एवं खेलने लायक बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## ससमय वेतन का भुगतान

*1321 **श्री मिथिलेश कुमार (28) (सीतामढ़ी):**

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि वर्ष 2023 में विभागीय कार्यों के निष्पादन हेतु शिक्षा विभाग में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से DPMU जो जिला स्तर की इकाई है, के अन्तर्गत DPM, DPM ICT, PROGRAMMER और ACCOUNT ASSISTANT एवं BPMU जो प्रखंड स्तर की इकाई

है, के अन्तर्गत BPM, BRP, DATA ENTRY OPERATOR, ACCOUNT ASSISTANT AND MTS सीतामढ़ी जिला के डुमरा एवं सीतामढ़ी नगर निगम क्षेत्र सहित सभी प्रखंडों में कार्यरत हैं तथा इनके द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन भी किया जा रहा है, लेकिन इनको वेतन ससमय नहीं मिलने के कारण इनके समक्ष आर्थिक संकट आ गया है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त कर्मियों को ससमय वेतन का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदीवारी का निर्माण।

***1322 Smt. Manju Agrawal (226) (Sherghati ):**

**Education :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करगे किः- क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड शेरघाटी के ग्राम पंचायत बेला स्थित प्राथमिक विधायल देवनपुर, प्राथमिक विधालय हनानगंज एवं ग्राम पंचायत चिलिम स्थित प्राथमिक विद्यालय खडार में चहारदीवारी नहीं रहने से शरारती तत्वों एवं जानवरों का विद्यालय परिसर में आवागमन से बच्चों के पठन-पाठन पर प्रतिकूल असर पड़ता है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण करवाने का विचार करती है, नहीं तो क्यों ?

----

## छात्रावास का आवंटन।

***1323 श्री छत्रपति यादव (149) (खगड़िया):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड में कोशी कॉलेज में महिला छात्रावास बनकर तैयार होने के बावजूद छात्राओं को अभी तक आवंटन नहीं किया गया है जिससे छात्राओं में असंतोष व निराश की भावना उत्पन्न हो गयी है; यदि हाँ तो सरकार कोशी कॉलेज स्थित महिला छात्रावास को छात्राओं के बीच कबतक आवंटित करवाने का विचार रखती है; नहीं तो क्यों ?

----

## कन्या उच्च विद्यालय का निर्माण।

***1324 Dr. Sanjeev Kumar (151) (Parbatta):**

**Education :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि -

1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के गोगरी प्रखंड के ग्राम पसराहा में कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिसके कारण चार किलोमीटर दूर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक

विद्यालय सोनडीहा ग्राम में पठन-पाठन हेतु छात्र-छात्राओ को जाना पड़ता हैं:

2. क्या यह बात सही है कि पसराहा ग्राम में सरकारी जमीन उपलब्ध है:

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक पसराहा ग्राम में कन्या उच्च विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## कल्पवृक्ष धाम को राजकीय दर्जा देना।

*1325 Shri. Rajesh Kumar (222) (Kutumba ):

**Art, Culture & Youth Affairs** क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा के ग्राम परता में अवस्थित कल्पवृक्ष धाम ख्याति प्राप्त धाम है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त कल्पवृक्ष धाम को राजकीय दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## दोषी पर कार्रवाई

*1326 **श्री विजय कुमार मण्डल** (210) (**दिनारा** ):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-1.क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत मध्य विद्यालय, मौलानगर आवापुर में प्रधानाध्यापक द्वारा मध्याहन भोजन सामग्री का कुल 1,66,199/- रू० का अनियमितता किया गया है जिसके विरुद्ध जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा दिनांक 29.06.2024 को सुनवाई के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना सीतामढ़ी के ऊपर प्रपत्र "क" (आरोप-पत्र) गठित करने का आदेश दिया गया है किन्तु अभी तक प्रपत्र "क" (आरोप-पत्र) के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की है, यदि हाँ तो क्या सरकार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सीतामढ़ी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण।

*1327 **श्री अमरजीत कुशवाहा** (106) (**जीरादेई**):

**शिक्षा** :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत जिरादेई प्रखंड में उत्क्रमित विद्यालय सह इंटर कॉलेज शिवपुरसकरा के भवन के अभाव में छात्रा छात्राएं बरमदा में भूमि पर बैठते

है;
2. क्या यह बात सही है कि विद्यालय में कुल 6 ही कमरा है जबकि नामांकित छात्रों की संख्या लगभग 600 है;
3. क्या यह बात सही है कि विद्यालय को +2 में उत्क्रमित कर दिया गया है परंतु भवन एवं अन्य सुविधाओं की घोर कमी होने से छात्रों को पठन पाठन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पर रहा है:
4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण एवं आवश्यक सुविधाएं अविलंब मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## सरकारी बस का परिचालन करना।

***1328 श्री बागी कुमार वर्मा** (216) (**कुर्था** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था प्रखंड मुख्यालय से जहानाबाद जाने के लिये सरकारी बस की सुविधा नहीं है; यदि हाँ, तो सरकार कुर्था से जहानाबाद तक सरकारी बस का परिचालन कब तक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## मुआवजा राशि का भुगतान करना।

***1329 श्री ऋषि कुमार** (220) (**ओबरा** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें किः- क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात् मृतक के आश्रित को 5 लाख मुआवजा राशि देने का प्रावधान है परन्तु औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के पंचायत रतनपुर, ग्राम- सदीपुर, निवासी नन्हकुल सिंह, पिता - जगदेव सिंह की दिनांक -3/7/2022 को सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद सदर अस्पताल, औरंगाबाद में इलाज के दौरान दिनांक-9/7/2022 को मृत्यु हो गयी थी जिसका ओबरा थाना में दर्ज वाद सं०-276/22 है तथा विभाग द्वारा सत्यापन किए जाने के वावजूद आज तक आश्रित के परिवार को मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1330 Shri. Birendra Prasad Gupta (09) (Sikta):

**Mines & Geology** मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि1. क्या यह बात सही है कि राज्पय के पटना, जहानाबाद, औरंगाबाद, अररिया एवं पश्चिम चम्पारण सहित अन्य जिलों में आवंटित बालू घाटों से खनन विभाग द्वारा चालान निर्गत कर वाहनों पर बालू ढूलाई हो रही है, जिससे सरकार को भी राजस्व प्राप्त हो रहा है; 2. क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण के मैनाटांड़ प्रखंड के रामपुर इमिलिया के पास बिरहा नदी घाट से जाली चालान निर्गत किया जा रहा है, जिसके कारण एक ट्रेक्टर ट्राली श्रीनगर थाना में आज भी जब्त है ; 3. यदि उपर्युक्त प्रश्न खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तब क्या सरकार बालूघाटों से जाली चालान निर्गत करने वाले दोषियों को चिन्हित कर कारवाई करना चाहती है , नहीं तो क्यो?

----

## स्टेडियम का निर्माण।

*1331 **डॉ. निक्की हेम्ब्रम** (162) (**कटोरिया**):

**खेल** क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि बांका जिले के बौंसी प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के सी एन डी विद्यालय में स्टेडियम के निर्माण की स्वीकृति विगत 4 महीनों से प्राप्त है, किन्तु प्रशासनिक उपेक्षा के कारण निर्माण कार्य में विलम्ब हो रहा है; यदि हाँ, तो सरकार निर्माण में हुए विलम्ब की जांच करा कर उक्त स्टेडियम का निर्माण कब तक करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पौधशाला का निर्माण।

*1332 **श्री ललन कुमार** (154) (**पिरपैंती** ):

**पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन** क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती एवं कहलगाँव प्रखण्ड में एक भी सरकारी पौधशाला नहीं होने के कारण आम जनता को पौधारोपण हेतु 35 कि०मी० की दूरी तय कर भागलपुर से पेड़-पौधा लाना पड़ता है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में सरकारी पौधशाला का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## डॉ० भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का निर्माण।

*1333 **श्री विनय बिहारी** (05) (**लौरिया**):

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण** क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय बनाने की

सरकारी योजना है, किन्तु पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत लौरिया अंचल में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय नहीं रहने से गरीब दलित समुदाय के छात्र-छात्राओ को +2 (इंटर) की पढ़ाई के लिए शहरी खर्च वहन करने में कठिनाई हो रही है; यदि हाँ, तो सरकार लौरिया अंचल अंतर्गत ग्राम पंचायत राज कटैयां में चार एकड़ से ज्यादा जमीन पर डॉ० भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## शुद्ध पेयजल मुहैया कराने हेतु ।

*1334 **श्री युसुफ सलाहउद्दीन** (76) (**सिमरी बख्तियारपुर**):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर के सिमरी बख्तियारपुर, सलखुआ एवं महिषी स्थित विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए बोरिंग अधिष्ठापन सहित अन्य कार्यों में अनियमित्ता बरते जाने के कारण बच्चों को शुद्ध पेलजय मुहैया करना संभव नहीं हो पाया है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त अनियमितता की जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## विधालय भवन का निर्माण।

*1335 Shri. Saud Alam (53) (Thakurganj):

**Education** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है, कि किशनगंज जिला अंतर्गत दिघलबैंक प्रखण्ड के आठगाछिया पंचायत अंतर्गत +2 अपग्रेड हाई स्कूल तलवारबंधा विद्यालय का भवन का निर्माण एमएसडीपी योजना से किया जा रहा था जिसका निर्माण संवेदक द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है तथा 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक भवन के निर्माण पूरा नहीं होने से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में भारी कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यलय भवन का निर्माण कब तक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## योग्य शिक्षकों को प्रभारी प्राचार्य बनाना।

*1336 **श्री संदीप सौरभ** (190) (**पालीगंज** ):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः— क्या यह बात सही है कि बिहार यूनिवर्सिटी एक्ट, 1976 तथा राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक-BSU(Statutes)-14/2023-647/GS(I), दिनांक 03.05.2024 द्वारा आदेशित नियमावली की कंडिका 3.2.6 का उल्लंघन करते हुए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में मालती धारी कॉलेज, नौबतपुर, बीडी कॉलेज, पटना, रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज, पटना समेत

कई महाविद्यालयों में कनीय शिक्षकों को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर दिया गया है, जबकि उन कॉलेजों में नियमानुसार इस पद हेतु योग्य शिक्षक मौजूद हैं; यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त सभी महाविद्यालयों में नियमानुसार योग्य शिक्षकों को प्रभारी प्राचार्य बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण कार्य का जाँच कराना।

***1337 श्री छोटे लाल राय** (121) (**परसा** ):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत परसा प्रखंड के उच्च विद्यालय परसा एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बहलोलपुर एवं प्रखंड-दरियापुर के सर्वोदय उच्च विद्यालय, हरीनगर एवं उच्च विद्यालय, सरैया का नये भवन का निर्माण कार्य चल रहा है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यायलों के भवन निर्माण कार्य में कम गुणवत्ता वाले सामग्री एवं प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में हो रहे भवन निर्माण कार्य का जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण।

***1338 श्री पन्ना लाल सिंह पटेल** (150) (**बेलदौर**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत वेन प्रखंड के 10+2 उच्च विद्यालय, गंगटी एवं नूरसराय प्रखंड के 10+2 उच्च विद्यालय, नूरसराय के भवन निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित कर विद्यालय भवन बनाने की कार्रवाई की गयी है, जो अपूर्ण है जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही हैं; यदि हाँ, तो सरकार भवन निर्माण को कब तक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## निर्धारित वेतन का भुगतान

*1339 Shri. Bhim Kumar Singh (219) (Goh):

Education :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलांतर्गत गोह प्रखंड के अंतर्गत विद्यालयों में

साफ सफाई का काम एन0जी0ओ0 को दिया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि एन0जी0ओ0 द्वारा सफाईकर्मियों को 3000 रूपये वेतन के कागज पर हस्ताक्षर कराकर मात्र 1000 रूपये प्रति माह दिया जा रहा है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उपर्युक्त सभी सफाईकर्मियों को निर्धारित वेतन नहीं देने वाले एन0जी0ओ0 पर कौन सी कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सेवामुक्त करने का औचित्य।

*1340 **श्री सुर्यकान्त पासवान** (147) (**बखरी**):

**शिक्षा** :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत आउट सोर्सिंग के माध्यम से प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक (BPM) का बहाली पिछले वर्ष किया गया था, एकरारनामा के अनुसार इनका बहाली 3 वर्षो के लिये किया गया था परन्तु एक वर्ष उपरांत इनको सेवा से हटा दिया गया है ; यदि हाँ तो सरकार उक्त प्रखण्ड परियोजना को सेवामुक्त करने का क्या औचित्य है ?

----

## स्टेडियम का निर्माण।

*1341 **श्री राजेश कुमार गुप्ता** (208) (**सासाराम** ):

**खेल** क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम में महान साहित्यकार श्री रामेश्वर सिंह कश्यप उर्फ लोहा सिंह का जन्म स्थान है जिनके नाम पर एक भी स्टेडियम नहीं है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त महान साहित्यकार के नाम पर एक स्टेडियम का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## विधालय भवन का निर्माण।

*1342 Smt. Jyoti Devi (228) (Barachatti ):

Education क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने का कृपा करेंगे कि :- 1.क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत प्रखंड- मोहनपुर के ग्राम पंचायत डेमा में उत्क्रमित उच्च-विद्यालय बेलारपुर स्थापित है;2.क्या यह बात सही है कि भूमि उपलब्ध है एवं उपलब्ध भूमि पर विद्यालय भवन निर्माण हेतु दिनांक 02.02.2022 को ही शिलान्यास भी हो चुका है और अभी तक विधालय भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है; 3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है; हाँ, तो कब-तक ,नहीं तो क्यों ?

----

## दोषी पर कार्रवाई करना।

***1343 श्री राजवंशी महतो (141) (चेरिया बरियारपुर ):**

**समाज कल्याण :-**

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि :-

1.क्या यह बात सही है कि बेगुसराय जिला के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (डी०पी०ओ० आई०सी०डी०एस०) के विरूद्ध निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला के पत्रांक-1022, दिनांक-05.09.2024 द्वारा सी०डी०/ पेन ड्राइव रक्षित ओडियो की जाँच करायी गयी है;

2. क्या यह बात सही है कि समाज कल्याण विभाग,बिहार सरकार के पत्रांक-171 दिनांक-09.01.2025 द्वारा जाँच में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बेगुसराय एवं अन्य को दोषी ठहराया गया है, परन्तु आज तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक उक्त पदाधिकारी एवं अन्य पर जॉच रिपोर्ट के आलोक में कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नियोजित शिक्षकों की इपीएफ राशि का हस्तानांतरण।

***1344 श्री शिव प्रकाश रंजन (195) (अगिआंव ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि

1. क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले के नियोजित शिक्षकों (कोषागार एवं गैर कोषागार चिन्हित) का इपीएफ अंशदान (देय अथवा कटौती) लगभग 5 से 9 माह से इपीएफ खाते में सम्बंधित अधिकारियों द्वारा जानबूझकर हस्तानांतरित नहीं किया जा रहा है; यदि हाँ तो सरकार इसकी जाँच कराकर कबतक नियोजित शिक्षकों के इपीएफ की राशि हस्तानांतरित करने के साथ दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पद की स्वीकृति।

***1345 श्रीमती रेखा देवी (189) (मसौढ़ी ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया के द्वारा शिक्षको एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के पद सृजन की अनुशंसा करते हुए पत्रांक 488/G III B दिनांक - 11.10.12 के द्वारा बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग को पद सृजन का प्रस्ताव भेजा गया है; यदि हाँ तो सरकार 12 वर्षों से लंबित पद की स्वीकृति कबतक देने का विचार रखती है, नहीं तो, क्यों ?

----

## अनियमितता की जाँच।

*1346 **श्री मिश्री लाल यादव** (81) **(अलीनगर):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के घनश्यामपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पुनहद में समरसेबुल बोरिंग गाड़ा गया तथा भवन का रंग-रोगन एवं सौन्दर्यीकरण किया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि विद्यालय में गाड़े गये बोरिंग में मानक विरुद्ध कम गुणवत्ता वाले पाईप व फिल्टर लगाया गया है तथा सौन्दर्यीकरण के नाम पर मात्र खानापूर्ति की गयी है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बोरिंग एवं सौन्दर्यीकरण करने में की गई अनियमितता की जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## क्षतिग्रस्त खेल मैदानों को ठीक कराना।

*1347 **श्री निरंजन कुमार मेहता** (71) **(बिहारीगंज):**

**खेल** क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत वेन, सिलाव एवं नूरसराय प्रखंड के क्रमशः वेन महाबोधि महाविद्यालय, नालन्दा, 10+2 उच्च विद्यालय, नीरपुर, वेलसर में बने खेल मैदान क्षतिग्रस्त होने के कारण बच्चों के खेलने के लायक नहीं है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त क्षतिग्रस्त खेल मैदानों को ठीक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## शिक्षा भर्ती परीक्षा का आयोजन।

*1348 **श्री अमर कुमार पासवान** (91) **(बोचहां):**

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने का कृपा करेगें कि :-(1) क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा भर्ती परीक्षा (TRE) अगस्त 2024 में आयोजित किया जाना था, लेकिन अभी तक परीक्षा

आयोजित नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार शिक्षा भर्ती परीक्षा (TRE) का आयोजन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदीवारी निर्माण करना।

*1349 **श्रीमती प्रतिमा कुमारी** (127) (**राजा पाकर** ):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में सहदेई बुजुर्ग प्रखण्ड के बाजितपुर पंचायत अंतर्गत डुमरी गाँव में अवस्थित महारानी कुँवर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने से बालक-बालिकाओं को पठन-पाठन में काफी व्यवधान उत्पन्न होता है; यदि हाँ, तो सरकार महारानी कुँवर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, डुमरी, सहदेई बुजुर्ग में कब तक चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सामान्य शिक्षक को विशिष्ट शिक्षकों की योगदान पर रोक हटाना।

*1350 **श्री अखतरूल ईमान** (56) (**अमौर**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि सक्षमता-01 का परीक्षा में प्राथमिक शिक्षक (1-5) के लिए अंक पत्र और औपबंधिक नियुक्ति पत्र में अंकित शिक्षकों की विषयवार कोटि में भिन्नता के कारण ऐसे शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के तौर पर योगदान देने से रोक लगाया गया है;

2 क्या यह बात सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, विज्ञप्ति सं०-PR60/2025 के अनुसार सक्षमता परीक्षा-03 में प्राथमिक शिक्षक (1-5) के लिए विषय कोड (सामान्य कोड-301, उर्दू शिक्षक-'302, बंगला शिक्षक-303) अधिसूचित किया गया है;

3.यदि उपरोक्त खंडों के उतर स्वीकारात्मक है, तो सरकार द्वारा विशिष्ट शिक्षक बनने हेतु दो अलग-अलग प्रावधान बनाने का क्या औचित्य है साथ ही क्या सरकार सक्षमता-01 परीक्षा में उत्तीर्ण किये हुए सामान्य शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षकों का योगदान पर रोक हटाने हेतु विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्टेडियम का निर्माण।

*1351 **श्री शमीम अहमद** (12) (**नरकटिया**):

**खेल :-**

क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

क्या यह बात सही कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखण्ड अन्तर्गत बिजबनी उत्तरी पंचायत के बरैया पोखरा के समीप स्टेडियम नहीं रहने के कारण खेल प्रेमियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उक्त ग्राम में सरकारी जमीन स्टेडियम निर्माण हेतु उपलब्ध हैं; यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर कब तक स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## नए भवन का निर्माण।

*1352 **श्री प्रणव कुमार** (165) (**मुंगेर** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है की मुंगेर नगर निगम स्थित मुंगेर बस डिपो का भवन जर्जर है, जिसमें कभी भी अप्रिय दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन को तोड़कर नया भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## वेतनमान देने का विचार।

*1353 Shri. Sanjay Kr. Tiwari Alias Munna Tiwari (200) (Buxar ):

Education :-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार के सरकारी विद्यालयों में शारीरिक शिक्षक एवं स्वास्थ्य अनुदेशक नियोजित है; जिन्हें नियोजन एवं सेवा शर्त्तो के अनुसार प्रतिमाह 8,000/- रूपये एवं वार्षिक वृद्धि 200/- रूपये स्थानीय नियोजित इकाई द्वारा तय हुआ है;
2. क्या यह बात सही है कि नियोजित शारीरिक शिक्षक एवं स्वास्थ्य अनुदेशक विद्यालय में पूर्णकालिक सेवा एवं निर्देशों के अनुसार सेवा प्रदान करतें है;
3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार शारीरिक शिक्षक एवं स्वास्थ्य अनुदेशक को पूर्व के शारीरिक शिक्षक के अनुसार वेतनमान देने का विचार रखती है; हॉं, तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## संग्रहालय बनाना।

*1354 **श्री मुकेश कुमार यादव** (27) (**बाजपट्टी**):

**कला, संस्कृति और युवा** क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुनौरा धाम जनक नन्दनी माँ जानकी की जन्मस्थली पवित्र ऐतिहासिक स्थान है, जहाँ प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु विभिन्न प्रदेशों से माता के दर्शन हेतु पहुँचते है तथा सीतामढ़ी जिला को रामायण सर्किट से जोड़ा गया है लेकिन सीतामढ़ी मे कोई म्यूजियम नहीं है; यदि हाँ, तो सरकार सीतामढ़ी जिला मुख्यालय में कब तक एक संग्रहालय बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## साक्षात्कार का परीक्षाफल

*1355 **श्री कुमार कृष्णा मोहन उर्फ सुदय यादव** (216) (**जहानाबाद** ):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1.क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना के पत्रांक-2560, दिनांक-27.03.2021 के द्वारा स्पष्ट किया गया है कि गैर सरकारी अल्पसंख्यक विद्यालय में नियुक्ति/प्रोन्नति में निर्णय लेने हेतु विद्यालय प्रबंध समिति सक्षम प्राधिकार है;

2. क्या यह बात सही है कि +2 उच्च विद्यालय, मीठापुर, पटना के शिक्षकों के विज्ञापित पद का दिनांक-18.03.2024 को साक्षात्कार उपरान्त नियम के विरुद्ध जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना के पत्रांक-3740 दिनांक 19.03.2024 के द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित किया गया है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए दिनांक-18.03.2024 को ली गयी साक्षात्कार का परीक्षाफल प्रकाशित करना चाहती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदिवारी का निर्माण।

*1356 **श्री मुहम्मद इजहार असफी** (55) (**कोचाधामन**):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन विधान सभा के प्रखण्ड-कोचाधामन, पंचायत सोंथा अंतर्गत फकीर टोला पूनास के नवीन प्राथमिक विद्यालय में चहारदिवारी नहीं होने से असामाजिक तत्वों एवं मवेशी आदि का आवागमन तथा जमावड़ा लगा रहता है जिससे छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय की चहारदिवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पार्क निर्माण हेतु

*1357 **श्री अरूण सिंह (213) (काराकाट):**

**पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन** क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट विधान सभा के बिक्रमगंज दिनारा पथ के उत्तर में 60 से 70 एकड़ में फैले वन क्षेत्र जहाँ -प्रसिद्ध प्राचीन शक्ति पीठ यक्षिणी भवानी (भलुनी धाम) मंदिर अवस्थित है, को संरक्षित करने की योजना वर्ष 2021 में बनाई गई है जिसके अंतर्गत पार्क निर्माण एवं वन प्राणियों को सुरक्षित क्षेत्र मुहैया कराने की योजना है, किन्तु उक्त वन क्षेत्र पर स्थानीय लोगों द्वारा अवैध कब्ज़ा किया जा रहा है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त वन क्षेत्र की मापी कराते हुए उसे सरक्षित कर पार्क आदि का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*1358 Shri. Lalit Kumar Yadav (82) (Darbhanga Rural):

Education स्थानीय हिंदी समाचार पत्र में दिनांक- 17.01.25 को प्रकाशित शीर्षक "छात्राओं से लाखों की राशि लेकर कोचिंग किया बंद, संचालक फरार" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि कंकड़बाग थाना क्षेत्र स्थित आई०आई०टी० जेईई मेन्स की तैयारी करवा रहा आकाश कोचिंग संस्थान छात्रों को बिना सूचना दिए कई बच्चों से लाखों रूपया लेकर कोचिंग बंद कर फरार हो गया है ; यदि हाँ, तो सरकार कबतक कोचिंग संचालक पर कार्रवाई कर गरीब निर्दोष छात्रों को फिस वापस करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन एवं चारदीवारी का निर्माण।

*1359 **श्री विश्व नाथ राम (202) (राजपुर ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय गजराही का भवन जर्जर होने के कारण पठन-पाठन में असुविधा होती है, तथा भवन कभी भी गिर जाने का भय बना रहता है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन एवं चहारदीवारी को कब तक निर्माण कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों?

----

## आगलगी पर काबू पाना।

*1360 **श्री नारायण प्रसाद (06) (नौतन):**

**पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन :-**

स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-17/02/2025 के अंक में प्रकाशित शीर्षक " मदनपुर वन प्रक्षेत्र में फायर वाचर तैनात, आग लगते ही पा लेगें काबू " के आलोक में क्या मंत्री पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि:-

1.क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत वीटीआर के जंगलों में गर्मी के मौसम में आगलगी के कारण सैकड़ों एकड़ सदाबहार जंगल प्रत्येक साल जलकर नष्ट हो जाते है जिससे पेड़- पौधे व जंगली जीव जन्तुओं के जान-माल को क्षति पहुंचती है;

2. क्या यह बात सही है कि आगलगी की घटना से बचाव हेतु वीटीआर प्रशासन ने फायर वाचर की तैनाती की गई है, उसके बावजूद भी कतिपय कारणों से फरवरी 2025 में 02 बार मदनपुर से वाल्मीकिनगर के बीच में आगलगी की घटना घटित हो चुकी है ;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उतर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार आगलगी पर काबू पाने तथा आगलगी की घटना के कारणों को चिन्हित करते हुए ठोस कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नही तो क्यो ?

----

## राज्य आयुक्त निःशक्तता' की स्थायी बहाली तथा 'राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड' का पुनर्गठन के सम्बन्ध में

*1361 Shri. Ajit Kumar Singh (201) (Dumraon ):

**Social Welfare :-**

क्या मंत्री,समाज कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए ‘राज्य आयुक्त निःशक्तता’ की स्थायी नियुक्ति 2021 से ही लंबित है जिससे दिव्यांग कल्याण से जुड़ी अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी, लंबित शिकायतों के निवारण सहित राज्य निःशक्तता न्यायालय का संचालन भी बाधित है;
2. क्या यह बात भी सही है कि राज्य में 'राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड' पुनर्गठन 2018 से ही लंबित है जिसके कारण दिव्यांगजन के कल्याण के लिए प्रभावी नीति निर्माण और निगरानी, दिव्यांग व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने सम्बन्धी कार्यक्रम व सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित है;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार स्थायी रूप से 'राज्य आयुक्त निःशक्तता' को बहाल करने तथा 'राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड' का पुनर्गठन कराने का विचार रखती है,हाँ तो कब तक,नहीं तो क्यों ?

----

## कमरों का निर्माण

***1362 सुश्री श्रेयसी सिंह (241) (जमुई ):**

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-क्या यह बात सही है कि जमुई विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत खैरा प्रखंड के खंडाईच पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लालपुर में मात्र दो कमरों में आठवीं तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं एवं कमरों के अभाव में बच्चों को पठन- पाठन में असुविधा होती है,यदि हाँ तो सरकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लालपुर में कक्षा संचालन हेतु 6 अतिरिक्त कमरों का कब तक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्टेडियम परिसर में मिट्टी भराई करना।

***1363 Shri. Shakeel Ahmad Khan (64) (Kadwa):**

**Sport** क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः -क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डण्डखोरा उसके डूमरिया में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना से फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कराया गया था जिसका मैदान अधिक गहरा तथा समतल नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को खेलने में काफी कठिनाई होती है; यदि हां, तो सरकार कब-तक उक्त स्टेडियम के परिसर में मिट्टी भराई कराकर समतल करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## बस सेवा चालू कराने हेतु

***1364 श्री अशोक कुमार सिंह (203) (रामगढ़, कैमूर ):**

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेगे किः- क्या यह बात सही हैं कि कैमूर जिला के रामगढ प्रखंड मुख्यालय से पटना जिला के लिए पूर्व में सरकारी बस सेवा परिचालित थी जिसके बाद होने से लोगों को अपने दैनिक कार्यो के लिए पटना आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं,यदि हां तो क्या सरकार कैमूर जिला के रामगढ प्रखंड मुख्यालय से पटना आवागमन हेतु सरकारी बस सेवा का परिचालन पुनः करवाने का विचार रखती हैं, नहीं तो क्यों?

----

## होस्टल का निर्माण।

***1365 Shri. Samir Kumar Mahaseth (36) (Madhubani):**

**Education** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-क्या यह बात सही है कि राज्य में मुस्लिम समुदाय के यतीम बच्चों की संख्या 10 हजार से अधिक है परंतु इनके लिये मदरसों में कोई होस्टल नहीं रहने के कारण यतीम बच्चों की पढ़ाई- लिखाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ तो सरकार कब तक सभी मदरसों में यतीम बच्चों के लिये होस्टल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## चहारदिवारी का निर्माण।

*1366 Shri. Pawan Kumar Yadav (155) (Kahalgaon ):

Education :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव प्रखंड के प्रशस्तडीह पंचायत अंतर्गत कन्या मध्य विद्यालय, प्रशस्तडीह के चार कमरों में कक्षा 8 तक की पढ़ाई होती है, जबकि शिक्षा विभाग के नियमानुसार एक कमरे में एक ही क्लास की पढ़ाई होनी चाहिए;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत अंतर्गत ग्राम सिमरो स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय सिमरो में मात्र तीन कमरे हैं, जिसमें कक्षा 5 तक की पढ़ाई होती है तथा इस विद्यालय में शौचालय एवं चहारदीवारी की भी आवश्यकता है;

3. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार  सरकार उक्त विद्यालयो में अतिरिक्त वर्ग कक्ष, शौचालय एवं चहारदिवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण।

*1367 **श्री रामविलास कामत** (42) (**निर्मली** ):

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण** क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि बिहार महादलित विकास मिशन के तहत् दलित / महादलित बस्ती में सामुदायिक भवन-सह -वर्क शेड बनाने का प्रावधान है, किन्तु सुपौल जिला के पिपरा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत तुलापट्टी महादलित बस्ती वार्ड नंबर -10 मटीक टोला एवं कोरयानी टोला हनुमान मंदिर के समीप सार्वजनिक कार्यक्रम के लिये सामुदायिक भवन -सह-वर्क शेड नहीं है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित बस्तियों में कब तक सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं , तो क्यों?

----

## दोषी कर्मी पर कार्रवाई करना।

*1368 **श्री पवन कुमार जायसवाल** (21) (**ढाका**):

**शिक्षा** हिंदी समाचार पत्र में दिनांक 28 जनवरी 2025 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "स्कूलों में हो रही अवैध वसूली, टोल फ्री नंबर पर शिकायतों की भरमार" के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा विभाग बतलाने की कृपा करेंगे कि :-1.क्या यह बात सही है कि राज्य में शिक्षा विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर 10 वी एवं 12 वी में प्रैक्टिकल एवं स्कूल में आधार कार्ड

बनाने के नाम पर वसूली, मध्याहन भोजन का राशन बेचने, विकास कोष की राशि गबन, अनुदान राशि गबन, राशि खर्च नहीं करने आदि से संबंधित 737 शिकायतें विभाग के पास पहुंची है;यदि हाँ, तो सरकार प्राप्त शिकायतों से संबंधित विद्यालयों के दोषी कर्मी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सरकारी बस सेवा का परिचालन।

*1369 **श्री मनोज यादव** (163) (**बेलहर** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बेलहर प्रखंड मुख्यालय से पटना की दूरी लगभग 250 कि0मी0 है, किन्तु आवागमन हेतु सरकारी परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं होने तथा बेलहर (साहेबगंज) से किसी भी रेलवे स्टेशन की दूरी 80 -100 कि0मी0 रहने के कारण यहाॅ के व्यापारियों तथा आमजनता को पटना आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार बेलहर (साहेबगंज) से पटना के लिये सरकारी बस सेवा का परिचालन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## स्टेडियम का निर्माण।

*1370 **श्री आनन्द शंकर सिंह** (223) (**औरंगाबाद** ):

**खेल** क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के देव प्रखण्ड के ग्राम पंचायत एरौना अंतर्गत भंडारी गाँव के सैनिक ग्राउंड में स्टेडियम नहीं होने से क्रीड़ा एवं अन्य खेल-कूद कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सैनिक ग्राउंड में स्टेडियम निर्माण का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## नियुक्ति करने के संबंध में।

*1371 Shri. Ajit Sharma (156) (Bhagalpur):

Sport :-

क्या मंत्री,खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: -

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना लागू है जिसके तहत अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक लानेवाले खिलाड़ियों को राजपत्रित पद पर सरकारी नौकरी दिये जाने का प्रावधान है;

2. क्या यह बात सही है कि भागलपुर की बेटी सुश्री मोनिका ने विश्व खो-खो चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया है;

3.क्या यह बात सही है कि खो-खो फेडरेशन आफ इंडिया के महासचिव ने बिहार सरकार को उनके पत्रांक 48-10/KKWC/KKFI/2024-25 द्वारा सुश्री मोनिका को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिये देय सुविधाएं देने का आग्रह किया है;

4. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार गोल्डमेडलिस्ट मोनिका को मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना के तहत सरकारी नौकरी देने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## होस्टल का नवनिर्माण।

*1372 **श्री प्रमोद कुमार** (19) (**मोतिहारी**)ः

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि कि दरभंगा सी० एम० सांईस कॉलेज दरभंगा के आईस्टीन हॉस्टल विगत 15 वर्ष से जीर्ण-शीर्ण है;

2. क्या यह बात सही है कि आईस्टिन हॉस्टल का कैम्पस दो एकड़ में है लेकिन हॉस्टल जीर्ण-शीर्ण रहने के कारण स्टूडेंट को शैक्षणिक कार्य में काफी कठिनाई होती है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार सी० एम० साइंस कॉलेज के आईस्टीन हॉस्टल का नवनिर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना

*1373 **श्रीमती मनोरमा देवी** (232) (**बेलागंज** )ः

**विज्ञान , प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा :-**

क्या मंत्री विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के बेलागंज प्रखंड शहर से लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है और यहां पर तकनीकी शिक्षा हेतु एक भी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नहीं है;

2. क्या यह बात सही है कि प्रखंड स्तर पर तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु बेलागंज में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना हो जाने से हजारों छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में सहायता होगी;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बेलागंज प्रखंड में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्टेडियम का निर्माण।

*1374 **श्री जनक सिंह** (116) (**तरैया** ):

**खेल** :-

क्या मंत्री, खेल विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

क्या यह बात सही है कि सारण जिला के तरैया विधान सभा क्षेत्र के तरैया प्रखंड अन्तर्गत जोगीराज देवराहा बालदेव सिंह कॉलेज (बेनीपुर नगर), तरैया में स्टेडियम नहीं है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक खेल के विकास को ध्यान में रखते हुए उक्त कॉलेज के परिसर में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सरकारी बस का परिचालन।

*1375 **श्री गोपाल रविदास** (188) (**फुलवारी** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बैरिया (संपतचक) बस स्टैंड से सभी दिशाओं के लिए गाड़ियाँ चलायी जाती है, परन्तु अनीसाबाद, फुलवारीशरीफ और जानीपुर तक एक भी सरकारी बस का परिचालन नहीं होने के कारण यात्रियों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ तो क्या सरकार बैरिया बस स्टैंड से अनीसाबाद, फुलवारीशरीफ और जानीपुर तक सरकारी बस का परिचालन शुरू कराने का विचार रखती है ?

----

## नए कमरे का निर्माण।

*1376 **श्री कुमार सर्वजीत** (229) (**बोधगया** ):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-1.क्या यह बात सही है कि गया जिला अतंर्गत फतेहपुर प्रखंड के डुमरी चट्टी पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय हलमत्ता में नये कमरे के निर्माण एवं जर्जर भवन की मरम्मती नहीं होने से छात्र-छात्राओं को पठन- पाठन में कठिनाई होती है यदि हाँ तो सरकार उक्त विद्यालय में नये कमरे के निर्माण के साथ जर्जर भवन की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विश्वविद्यालय को राशि मुहैया कराना।

*1377 **श्री रामबली सिंह यादव** (217) (**घोसी** ):

**शिक्षा** :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि;-

क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के आय का बड़ा हिस्सा

छात्र-छात्राओं से लिया गया शिक्षण शुल्क का होता है, जिससे शिक्षकों तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों को वेतन मिलता है परंतु सरकार द्वारा वर्ष 2015 से छात्राओं का शिक्षण शुल्क माफ कर देने के बावजूद मगध विश्वविद्यालय को सरकार द्वारा छात्राओं की शुल्क की राशि अब तक नहीं भेजी गई है, जिसकी वजह से शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन कई महीनों से बकाया है; यदि हाँ, तो सरकार मगध विश्वविद्यालय को कब तक राशि मुहैया कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण।

***1378 श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (240) (सिकंदरा ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के खैरा प्रखंड के पंचायत+ग्राम-भीमाईन में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भीमाईन अवस्थित है जिसमें छात्र-छात्राओं की संख्या-300 से अधिक है जिनका पठन-पाठन दो जर्जर कमरों में होती है, जबकि भवन निर्माण हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मध्य विद्यालय भीमाईन का भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## वर्ग कक्ष सहित विद्यालय भवन का निर्माण।

***1379 Shri. Lal Babu Prasad Gupta (20) (Chiraia):**

**Education :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत पताही प्रखंड के बलुआ जुलफेकराबाद पंचायत में स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय महमदा अभी तक मात्र 02 कमरा में ही संचालित है;

2.क्या यह बात सही हैं कि उक्त विद्यालय में छात्र छात्राओं के अनुपात में वर्ग कक्ष की संख्या काफी कम है, जिससे उन्हे पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है ;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार छात्र -छात्राओं के अनुपात में पर्याप्त वर्ग कक्ष के साथ साथ भवन निर्माण कराने का विचार रखती हैं, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## समुचित भवन का निर्माण।

***1380 श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (221) (नबीनगर ):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत बारूण प्रखंड में जानपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं कदोरखी उच्च विद्यालय तथा नवीनगर प्रखंड में बैरिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भवन के अभाव में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में मानक के अनुरूप समुचित भवनों का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## विद्यालय भवन एवं चहारदिवारी का निर्माण।

*1381 **श्री रणविजय साहू** (135) (**मोरवा** ):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत मोरवा दक्षिणी पंचायत के बरफ रामरती उच्च विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या लगभग 600 है;

2. क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त विद्यालय में छात्रों की संख्या के अनुरूप भवन/वर्ग कक्ष नहीं है तथा चहारदिवारी भी नहीं है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उतर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में कब-तक समुचित भवन एवं चहारदिवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना।

*1382 Shri. Manohar Prasad Singh (67) (Manihari):

**Education** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत लखनपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेलगच्छी से उच्च विद्यालय, बैरिया 05 किलोमीटर, इन्द्रावती उच्च विद्यालय, अमदाबाद 07 किलोमीटर तथा उच्च विद्यालय जनता गाोपालपुर 06 किलोमीटर दूर पड़ते हैं , जबकि बेलगच्छी मण्डल टोला, बेलगच्छी पश्चिम टोला, जियामारी, घसिया, डकरा, बेलगच्छी दियारा के लगभग 12500 छात्र-छात्राओं के लिए निकटतम कोई उच्च विद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलगच्छी को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना।

*1383 Shri. Vijay Kumar (169) (Sheikhpura ):

**Education :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें किः-

1. क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत बरबीघा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खोजागाछी में तीन शिक्षक कार्यरत्त है जिनमें वरीय शिक्षिका सोनी रानी, कनीय शिक्षिका सुनीता कुमारी एवं शिक्षक परमानंद पाठक है;

2. क्या यह बात सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक-1161, दिनांक-23.08.2024 के निर्गत आदेश में कनीय शिक्षकों पर मौखिक रूप से विद्यालय का प्रभार नहीं लेने के कारण सुनीता कुमारी एवं परमानंद पाठक पर UDISE पर इन्ट्री एवं छात्रों के आधार कार्ड निर्माण कार्य बाधित किए जाने का निराधार आरोप लगाकर निलंबित कर दिया गया है जबकि ये दोनों शिक्षक प्रभार में भी नही थे तथा इन्हें लंबित करने का नियमावली में सिर्फ नियोजन इकाई को अधिकार है ;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार नियोजन इकाई के अधिकार को नियम के विरूद्ध कार्य करने वाले जिला शिक्षा पदाधिकारी, शेखपुरा के विरूद्ध कौन सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## नामांकन प्रारम्भ करना।

*1384 **श्री कृष्ण कुमार ऋषि (59) (बनमनखी):**

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण :-**

क्या मंत्री,अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि पूर्णियॉ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखंड के पिपरा पंचायत में अनुसूचित जाति के छात्र हेतु एक सौ बेड का आवासीय छात्रावास का निर्माण कराया गया है, जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास में छात्रों का नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं किये जाने से छात्र हतोत्साहित हो रहे है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त छात्रावास में अगले सत्र में नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक,नहीं तो क्यों?

----

## शिक्षकों का पदस्थापन।

*1385 **श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (194) (आरा):**

**शिक्षा :-**

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक- 06.01.2025 को प्रकाशित "सूबे के 2 हजार से

अधिक स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक’ शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 2637 स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के सहारे चल रहे है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 117 स्कूलों में 544 शिक्षक पदस्थापित है, परंतु उन स्कूलों में एक भी बच्चा नामांकित नहीं है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार राज्य के स्कूलों में शिक्षक छात्र अनुपात एक शिक्षक पर 30-35 बच्चों के आधार पर उक्त 2637 स्कूलों में भी शिक्षकों के पदस्थापन का विचार रखती है, हॉ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----

## नियोजित शिक्षकों को स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति का लाभ।

*1386 **डॉ. सत्येन्द्र यादव** (114) (**मांझी**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि बिहार पंचायत प्रारंभिक विद्यालय सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त) नियमावली-2012 की कंडिका 15 (च) (ii) यथा संशोधित नियमावली 2020 की कंडिका 16 (I) के अनुसार स्नातक योग्यताधारी नियोजित शिक्षकों को 8 वर्षों की संतोषजनक सेवा उपरांत 50 प्रतिशत पदों पर स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति दिए जाने का प्रावधान है; बावजूद समस्तीपुर जिले में स्नातक योग्यताधारी नियोजित शिक्षकों का 18 वर्षों की संतोषजनक सेवा के उपरांत स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है; यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिले के नियोजित शिक्षकों को कब तक स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## BRC भवन बनवाना।

*1387 **श्री श्रीकान्त यादव** (113) (**एकमा**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत माँझी एकमा एवं लहलादपुर प्रखंड में BRC भवन नहीं होने के कारण कोई भी मिटिंग या प्रशिक्षण कार्य सही रूप से नहीं हो पाता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड़ो में BRC भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## प्राथमिक विद्यालय स्थापित करना।

***1388 Shri. Achmit Rishidev (47) (Raniganj, Araria):**

**Education** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पचीरा के वार्ड नं0-09 ग्राम कजरा शरणार्थी टोला में कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है वहाँ के छोटे-छोटे बच्चों को ढ़ाई से तीन किलोमीटर की दूरी तय कर पढ़ने के लिए ग्राम पचीरा जाना पड़ता है जबकि शरणार्थियों को बसाने के पूर्व ही विद्यालय निर्माण के लिए पुर्नवास विभाग द्वारा मौजा कजरा में खाता नं0-40 खेसरा नं0-141, 274, 275 रकवा 2 एकड़ गैर मजरूआ पुनर्वास विभाग की जमीन उपलब्ध करा दी गई है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में उल्लेखित भूखंड पर एक प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## फारसी विषय के शिक्षक का स्थानान्तरण।

***1389 श्रीमती गायत्री देवी** (25) (**परिहार**)**:**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत गाँधी उच्च विद्यालय स्थापित है जिसमें फारसी विषय के एक भी छात्र कभी नामांकित नहीं रहे है और वर्तमान भी नहीं है;

2.क्या यह बात सही है कि उक्त विधालय में फारसी विषय के शिक्षक बरकत अली का पदस्थापन वर्ष 2023 में किया गया है, जो सरकार के नियम के अनुकूल नहीं है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गाँधी उच्च विद्यालय से फारसी विषय के शिक्षक को कब तक अन्य विद्यालय में स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण।

***1390 श्री राकेश कुमार रौशन** (174) (**इस्लामपुर, नालन्दा** )**:**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि नालन्द जिला के एकंगर सराय प्रखंड अन्तर्गत मंडाछ पंचायत के ग्राम गोनाई विगहा प्राथमिक विद्यालय जमुआवॅ पंचायत के प्राथमिक विद्यालय खेदु विगहा एवं प्रथमिक विद्यालय रायकरण विगहा का विद्यालय भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में

है, जिससे किसी अनहोनी की  आशंका रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालयों में कब-तक नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पेंशन भुगतान करने संबंधित।

***1391 श्रीमती शालिनी मिश्रा** (15) (**केसरिया**)**:**

**शिक्षा :-**

दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 17.02.2025 को प्रकाशित शीर्षक- "विवि कॉलेजों के कर्मियों को समय पर पेंशन बड़ी चुनौती" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1.क्या यह बात सही है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के एस०डी० संस्कृत विश्वविद्यालय सहित 13 विश्वविद्यालय और अंगीभूत कॉलेजों में 20 हजार पेंशनधारी हैं, जिन्हें प्रति माह औसतन 180 करोड़ रूपये से अधिक की राशि पेंशन के रूप में भुगतान होता है;

2 क्या यह बात सही है कि पे-रोल मैनेजमेंट में पेंशनधारियों का ब्यौरा अपलोड करने की गति अत्यंत धीमी होने के कारण Nov. 2024 से जनवरी 2025 तक का पेंशन का भुगतान नहीं किया जा सका है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार विवि कॉलेजों के कर्मियों का पेंशन समय पर भुगतान करने का विचार रखती है ?

----

## ईंट भट्टा को बन्द करना।

***1392 श्रीमती नीतु कुमारी** (236) (**हिसुआ** )**:**

**खान एवं भूतत्व** क्या मंत्री,  पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढौरा प्रखण्ड के अवारी पंचायत के ग्राम- अवारी में स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय से मात्र 100 गज की ही दूरी पर ईंट भट्ठा संचालित है, जिसमें प्रयुक्त होने वाली मिट्टी, बालू के धूलकण और उससे निकलने वाली धुआं से आवासीय विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है; यदि हाँ, तो सरकार विद्यालय के अत्यंत नजदीक संचालित उक्त  ईंट भट्ठा को कब तक बन्द कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सांस्कृतिक  धरोहर को संरक्षित करना।

***1393 श्री सुधांशु शेखर** (31) (**हरलाखी**)**:**

**कला, संस्कृति और युवा** क्या मंत्री, कला ,संस्कृति एवं युवा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत इस्लामपुर प्रखंड के आत्मा गांव में प्राचीनकालीन मंदिर,मुर्तियां एवं तीन बड़े तालाब हैं, जहाँ महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा हर वर्ष महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में यहाँ लोग आते हैं तथा दुकानें लगाईं जाती हैं; यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम की पौराणिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने हेतु वहाँ आत्मा महोत्सव का आयोजन कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## वर्ग कक्ष का निर्माण।

*1394 **डॉ. रामानुज प्रसाद** (122) (**सोनपुर** ):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंड अंतर्गत हराजी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, शाहपुर हराजी में छात्र-छात्राओं के अनुपात में वर्ग कक्ष नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित विद्यालय में अतिरिक्त कमरा निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## लिपिकों की प्रोन्नति।

*1395 Shri. Ajay Kumar (138) (Bibhutipur):

Education :-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग] यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार] पटना की अधिसूचना सं०-19300 दिनांक-13.10.2023 द्वारा राज्य के प्रशासनिक हित में राज्याधीन सेवाओं की प्रोन्नति के पदानुक्रम में विहित वेतनमान के साथ उच्चतर पद का पदभार देने हेतु आदेश निर्गत है;

2. क्या यह बात सही है कि बिहार के राजकीयकृत एवं परियोजना उच्च विद्यालयों में कार्यरत सहायक शिक्षकों एवं परिचारियों को प्रोन्नति क्रमशः प्रधानाध्यापक एवं लिपिक में किया गया; जबकि राजकीयकृत एवं परियोजना उच्च विद्यालयों में कार्यरत लिपिकों को इस प्रोन्नति से वंचित रखा गया है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार के उक्त अधिसूचना के लाभ से राजकीयकृत एवं परियोजना उच्च विद्यालयों में कार्यरत लिपिकों को प्रोन्नति से वंचित रखने का क्या औचित्य है ?

----

## शौचालय की व्यवस्था।

*1396 **श्री जय प्रकाश यादव** (46) (**नरपतगंज**):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि राज्य में पेट्रोल पम्पों पर दी जाने वाली यूरिनल एवं शौचालय की मूलभूत सुविधा अभी भी सभी पेट्रोल पम्पों पर उपलब्ध नहीं है और जहां है वह देखरेख के अभाव में उपयोग के लायक नहीं है, जिसके कारण विशेष तौर पर महिलाओं को यात्रा करते समय समस्या होती है, यदि हाँ तो क्या सरकार सभी पेट्रोल पंपों पर यूरिनल एवं शौचालय की व्यवस्था के साथ उसे साफ सुथरा एवं सुचारु रूप से संचालित करने हेतु नियम बनाकर कौन सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण करना।

*1397 **श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह** (109) (**दारौंदा**):

**शिक्षा** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखंड के नया प्राथमिक विद्यालय भीराचक एवं राजकीय मध्य विद्यालय रानी बारी भवनहीन होने से छात्रों को पठन -पाठन में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित विद्यालयों की भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सुविधा मुहैया कराना

*1398 Shri. Mithilesh Kumar (28) (Sitamarhi):

**Education** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि1. क्या यह बात सही है कि केंद्कर सरकार द्वारा ESIC बिमा कंपनी के माध्यम से प्राईवेट शिक्षण संस्थानों, दुकानदारों को निःशुल्क ईलाज कराया जाता है;2. क्या यह बात सही सीतामढ़ी जिला में ESIC में कर्मचारियों के वेतन की राशि कटने के बाद भी उन्हें इस सुविधा से वंचित रखा गया है;3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार सीतामढ़ी जिला में ESIC के तहत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को कबतक उक्त सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## जुगार ठेला गाड़ी के स्थायी समाधान का

*1399 **श्री छत्रपति यादव** (149) (**खगड़िया**):

**परिवहन** :-

क्या मंत्री, परिवाहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि:-

1.क्या यह बात सही है कि राज्य में ग्रामीण क्षेत्र में किसान मजदुर तबके के लोग जुगार

ठेला गाड़ी चलाकर अपना जीवन यापन तथा कृषक कार्य करते है;

2.क्या यह बात सही है कि जिला स्तर पर प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा उन्हें परेशान किया जाता है जिससे उनके जीवन यापन में कठिनाई हो रही है;

3.यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त किसान मजदुर तबके के लोगो को जुगार ठेला गाड़ी के मामले में क़ानूनी सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है , हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## बस सेवा के परिचालन हेतु।

*1400 **Dr. Sanjeev Kumar (151) (Parbatta):**

**Transport :-**

क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि -

1. क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलांतर्गत परबत्ता प्रखंड के अगुवानी से पटना सरकारी बस सेवा चलाने हेतु तिथि और समय निर्धारण के बाद भी आज तक बस सेवा का परिचालन नही किया जा रहा है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बस सेवा का परिचालन शुरू करने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

----

## परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना।

*1401 **Shri. Rajesh Kumar (222) (Kutumba ):**

**SC/ST Welfare** क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनु० जन जाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला में, अनुसूचित जाति-अनु० जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र नही है; यदि हाँ, तो क्या सरकार औरंगाबाद जिले में अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण।

*1402 **श्री अमरजीत कुशवाहा (106) (जीरादेई):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अन्तर्गत नवतन प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय वैरागी टोला तथा प्राथमिक विद्यालय चफवा का भवन नहीं रहने के कारण सामुदायिक

भवन में विद्यालय संचालित हो रहा था;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय को दूसरे अन्य विद्यालय में मर्ज कर दिया गया है, जिससे छोटे-छोटे बच्चों को विद्यालय में जाने में काफी काठिनाई हो रही है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्नातक महाविद्यालय की स्थापना।

*1403 **श्री बागी कुमार वर्मा** (216) (**कुर्था** ):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड अन्तर्गत एक भी सरकारी स्नातक महाविद्यालय नहीं है; जिससे गरीब छात्र-छत्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है; यदि हाँ, तो सरकार करपी प्रखंड मुख्यालय में एक सरकारी स्नातक महाविद्यालय का स्थापना कब तक कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## सामुदायिक भवन सह वर्क शेड निर्माण

*1404 **श्री ऋषि कुमार** (220) (**ओबरा** ):

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण** क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगें कि:-क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के डिहरा पंचायत के ग्राम डिहरा में महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड का निर्माण नहीं होने के कारण दलित समाज को सामाजिक त्यौहार, शादी उत्सव आदि समारोह करने में कठिनाई होती है,यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त ग्राम के खाता सं०-86, प्लाट न०-1567 पर महादलित सामुदायिक भवन- सह- वर्क शेड का निर्माण कराने का विचार रखती है,नही तो क्यों ?

----

## मदरसों का सरकारीकरण करने संबंधी।

*1405 **श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता** (09) (**सिकटा**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार के रजिस्टर्ड 2459+1 मदरसों में अभी तक मात्र 814 का सरकारीकरण हुआ है;

2. क्या यह सही है कि बिहार के 2459+1 मदरसों में शेष 1646 का जिला शिक्षा पदाधिकारियों के जाँचोपरान्त सरकारीकरण का आश्वासन सरकार ने दिया है, जिसमें अधिकांश की जाँच रिपोर्ट बिहार राज्य मदरसा बोर्ड के पास लम्बे समय से पड़ी हुई है;

3. यदि उपर्युक्त प्रश्न खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शेष 1646 मदरसों में जिनकी जांच पूरी हो गई है और मानक के अनुरूप है, उसका सरकारीकरण करने का विचार रखती है, हॉं, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बाल विकास परियोजना कार्यालय भवन का निर्माण।

*1406 **श्री विनय बिहारी** (05) (**लौरिया**):

**समाज कल्याण :-**

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-:

1.क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया विधान सभा क्षेत्र के अंचल+प्रखण्ड लौरिया में 258 तथा योगापट्ट्टी में 254 आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है, जिनमें से क्रमशः 251 तथा 246 आँगनबाड़ी केंद्र ही वर्तमान में कार्यरत है;

2.क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों अंचल+ प्रखंड में बाल विकास परियोजना कार्यालय जीर्ण-शीर्ण भवन में संचालित है तथा वहाँ स्टोर रूम, सभागार, शौचालय, सहित कार्यालय में पदाधिकारी/कर्मियों के बैठने की सुविधा उपलब्ध नहीं है;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार दोनों अंचल +प्रखंडों में उक्त वर्णित सुविधाओं के साथ बाल विकास परियोजना कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?

----

## सप्लीमेंट्री रिज़ल्ट जारी करने के सम्बन्ध में।

*1407 Shri. Sandeep Saurav (190) (Paliganj ):

**Education** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:— 1.क्या यह सही है कि शिक्षक बहाली TRE-3.0 में कुल 87,774 पदों के विरुद्ध केवल 66,605 अभ्यर्थियों का परिणाम दिया गया तथा विज्ञापन में वर्ग प्राथमिकता माँगे जाने के बावजूद 8,000 से अधिक परीक्षार्थियों का मल्टिपल रिजल्ट दिया गया;2. क्या यह सही है कि उक्त परीक्षा में कम सीटों पर परिणाम जारी करने तथा मल्टिपल रिजल्ट के कारण कई अभ्यर्थी कट-ऑफ में आने के बावजूद उम्र के आधार पर अथवा एक या दो अंक से वंचित रह गए, जबकि दिनांक 15.01.2025 को BPSC की सूचना में शिक्षा विभाग द्वारा रिक्तियाँ उपलब्ध कराने पर सप्लीमेंट्री रिज़ल्ट प्रकाशित करने की सहमति जताई गई थी;3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार शिक्षक भर्ती TRE-3.0 में मल्टिपल रिजल्ट और दस्तावेज़ सत्यापन के कारण बची हुई सीटों पर सप्लीमेंट्री रिज़ल्ट जारी

कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## मुआवजा राशि का भुगतान करना।

*1408 **श्री भीम कुमार सिंह** (219) (**गोह** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेगे कि:-क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड गोह प्रखण्ड के तेजप्रताप कुमार,पिता- मनोज कुमार ,गोह थाना काण्ड संख्या -39/24 एवं निर्भय कुमार, पिता- बैजनाथ यादव, गोह थाना काण्ड संख्या-196/24 की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी, परन्तु मृतक के आश्रितों को अभी तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हुआ है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त दोनों मृतकों के आश्रितों को मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यो ?

----

## बस पड़ाव का निर्माण करना।

*1409 **श्री राजेश कुमार गुप्ता** (208) (**सासाराम** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें कि :-क्या यह बात सहीं है कि रोहतास जिला के तिलौथू प्रखण्ड में सरकारी बस पड़ाव नहीं होने के कारण बाजार में जाम लगा रहता है तथा लोगों को कठिनाई होती है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त प्रखण्ड में सरकारी बस पड़ाव बनाकर जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सरकारी बस चलाने हेतु।

*1410 **श्री राजवंशी महतो** (141) (**चेरिया बरियारपुर** ):

**परिवहन** क्या मंत्री, परिवहन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात नही है कि बेगूसराय जिला के चेरियाबरियारपुर विधान सभा अन्तर्गत प्रखण्ड छौराही, खोदावनपुर तथा चोरियापुर से पटना तक एक भी सरकारी बस का परिचालन नहीं होने के कारण ग्रामीण जनता को कठिनाई होती है; यदि हां, तो सरकार कब तक उक्त प्रखंडों से पटना तक दो-दो सरकारी बसों का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सामुदायिक भवन निर्माण।

*1411 **श्री मिश्री लाल यादव** (81) (**अलीनगर**):

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण** क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं

अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के घनश्यामपुर प्रखंड में महादलित टोला में एक भी सामुदायिक भवन का निर्माण नहीं हुआ है; जबकि सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड के महादलित टोला में एक सामुदायिक भवन बनवाने का प्रावधान है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में सामुदायिक भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## प्रधानाध्यापिका की प्रतिनियुक्ति।

*1412 **श्री निरंजन कुमार मेहता** (71) (**बिहारीगंज**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1.क्या यह बात सही है कि कन्या मध्य विधालय, गोलघर पार्क , पटना पूर्णरूपेण बालिका विद्यालय होने के बावजूद उसमें प्रधानाध्यापक पुरुष कर्मी है;

2.क्या यह बात सही है कि पुरुष प्रधानाध्यापक होने के कारण बालिकाओ को पठन-पाठन एवं आंतरिक व्यवस्थाओं में कठिनाई होती है एवं छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों के बीच अन्दरूनी आक्रोश उत्पन्न हो रही है ;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कन्या मध्य विद्यालय, गोलघर पार्क , पटना में महिला प्रधानाध्यापिका की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## भूमि एवं भवन उपलब्ध कराना।

*1413 **श्री शमीम अहमद** (12) (**नरकटिया**):

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत छौड़ादानो प्रखण्ड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय अमवा टोला नरकटिया, हरिहरपुर नरकटिया, SC टोला कुदरकट, SC टोला जुआफर एवं चिरैया टोला मलाही भूमिहीन एवं भवनहीन विद्यालय है, जिससे छात्र- छात्राओं को खुले आसमान में बैठकर पढना पड़ता है; यदि हाँ तो सरकार उक्त विद्यालयों के लिए कबतक भूमि एवं भवन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का पदस्थान।

*1414 Shri. Pranav Kumar (165) (Munger):

**Education :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि BRM कॉलेज मुंगेर में प्यून, सफाई कर्मचारी, क्लर्क तथा कंप्यूटर ऑपरेटर का कुल पद 26 है जिसमें सिर्फ 4 कार्यरत रहते हैं तथा टीचिंग स्टाफ का कुल पद 48 है, जिसमें वर्तमान में सिर्फ 20 कार्यरत हैं साथ ही गणित, रसायन शास्त्र, अंग्रेजी तथा बंगला का शिक्षक ही नहीं है, जिसके कारण गणित तथा रसायनशास्त्र के विद्यार्थियों को क्लास करने के लिए JRS कॉलेज जाना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त कालेज में रिक्त सभी पदों पर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## संविलियन करना

***1415 श्री मुकेश कुमार यादव (27) (बाजपट्टी):**

**शिक्षा :-**

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1.क्या यह बात सही है कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा के ज्ञापांक-1030 दिनांक-29.09.2011 द्वारा 4 शिक्षिकाओं, ज्ञापांक-1605, दिनांक-29.10.2018 द्वारा 1 शिक्षिका एवं ज्ञापांक-911, दिनांक-05.07.2021 द्वारा 1 शिक्षिका को निम्न अवर शिक्षा से अवर शिक्षा सेवा में प्रोन्नति दिया गया है;

2.क्या यह बात सही है कि शिक्षा निदेशक प्रशासन के ज्ञापांक-31, दिनांक-05.01.2016 द्वारा 155 संस्कृत शिक्षकों को एवं अपर मुख्य सचिव के ज्ञापांक-1661, दिनांक-08.12.2022 द्वारा +2 उच्च विद्यालयों के 226 शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से अवर शिक्षा सेवा मानते हुए बिहार शिक्षा सेवा में संविलियन किया गया है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार प्रोन्नति से वंचित 104 शिक्षिकाओं को नियुक्ति तिथि से अवर शिक्षा सेवा मानते हुए बिहार शिक्षा सेवा में संविलियन करने का विचार रखती है, हॉं तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मानदेय बढोत्तरी

***1416 श्री कुमार कृष्णा मोहन उर्फ़ सुदय यादव (216) (जहानाबाद ):**

**समाज कल्याण** क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि प्रभारी पदाधिकारी स्थापना आई० सी० डी० एस० के निदेशालय पत्रांक-5137 दिनांक-06.10.2021 के द्वारा संविदा पर जिला स्तर पर कार्यरत समन्वयकों एवं सहायको का प्रति वर्ष 3 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने का प्रावधान रहने के उपरान्त भी आरा व जहानाबाद जिला तथा नवादा जिले के हिलसा अनुमंडल में कार्यरत समन्वयकों का मानदेय में बढोत्तरी नहीं की गयी है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त समन्वयकों एवं सहायको का 3 प्रतिशत मानदेय बढोत्तरी करने का विचार रखती है, नही तो क्यो?

- - - -